



# तरुण छत्तीसगढ़


e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स

हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता

मो. 94255-32524,94241-43922

पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 35 अंक 342 | कोरबा, बुधवार , दिनांक 11 सितम्बर 2024 डाक 12 सिमम्बर 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**

मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने नॉर्थ ब्लॉक में फिनलैंड की संसद की वाणिज्य समिति के साथ बैठक की सह-अध्यक्षता की



**देश-विदेश**

काम पर नहीं लौटे डॉक्टर, सुप्रीम कोर्ट की डेडलाइन खत्म, ममता बनर्जी का प्रस्ताव भी ठुकराया



**फीचर पेज**

क्या प्रेग्नेंसी में दूध पीने से गोरा होता है पैदा होने वाला बच्चा, ये है सच




# मस्जिद विवाद को लेकर संजौली में कर्फ्यू जैसा माहौल, इलाके में भारी पुलिस बल तैनात

**शिमला, 10 सितम्बर [एजेंसी]।**



हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में संजौली मस्जिद का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। शिमला के संजौली क्षेत्र में कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में जिला प्रशासन ने संजौली में धारा 163 लागू कर दी है। इसके लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात है। कई हिंदू संगठनों ने प्रदर्शन का ऐलान किया है।इस क्षेत्र में सामान्य जनजीवन पूरी तरह से सुचारू रहेगा। जिला दंडाधिकारी अनुपम कश्यप ने बताया कि संजौली में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश दिया गया है। इसके तहत जिला के संजौली क्षेत्र में कानून व्यवस्था कायम रखने व शांति व्यवस्था बनाए रखने की दृष्टि से 5 या 5 से अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। स्कूल और सरकारी व निजी कार्यालय और बाजार पूरी तरह से खुले रहेंगे। आम जनता को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाने के लिए प्रशासन सख्त कदम उठाने के लिए प्रयासरत है। बिना अनुमति नहीं दे सकेंगे धरना संजौली क्षेत्र में बिना अनुमति किसी को भी धरना प्रदर्शन, नारेबाजी, भूख हड़ताल करने की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी। अस्पताल, कोर्ट, शिक्षण संस्थान और और सार्वजनिक स्थानों पर लाउडस्पीकर के इस्तेमाल पर भी प्रतिबंध रहेगा। इस दौरान सांप्रदायिक, राष्ट्र, राज्य विरोधी भाषण नारे, दीवार लेखन, पोस्टर आदि पर भी पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया गया है। यह आदेश नव बहार चौक से ढली टनल के ईस्टर्न पोर्टल, आईजीएमसी से संजौली चौक, संजौली चौक से चलौंठी, ढली (वाया संजौली चलौंठी जंक्शन) क्षेत्र में बुधवार को सुबह 7 बजे से रात्रि 11.59 बजे तक जारी रहेंगे।

# एसडीओ और उनके परिवार से जुड़े लोगों के आवासों पर एसीबी की छापेमारी

**रांची, 10 सितम्बर [एजेंसी]।**



झारखंड के एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम बुधवार सुबह हजारीबाग के एसडीओ शैलेश कुमार और उनके परिवार से जुड़े लोगों के आवासों पर पहुंची। एसीबी की टीम हजारीबाग स्थित उनके सरकारी आवास और गिरिडीह के शास्त्री नगर स्थित पैतृक आवास पर छापेमारी कर रही रही है। जानकारी के अनुसार, यह कार्रवाई भ्रष्टाचार और रांची में जमीन की हेराफेरी से जुड़े मामले में की जा रही है। फिलहाल, हजारीबाग में बतौर एसडीओ सेवारत शैलेश कुमार पूर्व में लंबे समय तक रांची के बड़गाई और हेहल अंचल में सीओ के रूप में पदस्थापित रहे हैं। इन दोनों अंचलों में जमीन की हेराफेरी से जुड़े कई मामले सामने आए हैं।

हालांकि, एसीबी की ओर से आधिकारिक तौर पर फिलहाल यह नहीं बताया गया है कि यह छापेमारी किस मामले में की जा रही है। एसडीओ शैलेश प्रसाद मूल रूप से गिरिडीह के रहने वाले हैं। उनके पिता उदय शंकर प्रसाद सरकारी सेवा से रिटायर्ड हैं और शास्त्री नगर मुहल्ले में रहते हैं। एसडीओ के एक भाई मार्बल के कारोबारी हैं। एसीबी ने इनके आवासों पर भी दबिश दी है। जिन जगहों पर छापेमारी की जा रही है, वहां बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। छापेमारी करने वाली टीम में एसीबी के 10 से ज्यादा अफसर शामिल हैं।

# फारूक अब्दुल्ला के खिलाफ ईडी जांच फिर शुरू



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव से कुछ दिन पहले केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला के खिलाफ अदालत का दरवाजा खटखटाया है। ईडी मनी लॉन्ड्रिंग समेत दो नए आरोपों के साथ फारूक के खिलाफ अदालत पहुंची है। ईडी ने अदालत से नए आरोपों का संज्ञान लेने का आग्रह किया है। अगर अदालत याचिका स्वीकार कर लेती है तो फारूक के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो सकती है। पिछले महीने जम्मू-कश्मीर हाई कोर्ट ने ईडी के आरोपों को खारिज कर दिया था। आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि ईडी ने श्रीनगर के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत में याचिका दायर कर जम्मू-कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन (जेकेसीए) में कथित वित्तीय अनियमितताओं से संबंधित मामले में भारतीय दंड संहिता की धाराएं 411 ) और 424 (बेईमानी या धोखाधड़ी से संपत्ति हटाना या छिपाना) जोड़ने का अनुरोध किया है। ईडी ने यह कदम ऐसे समय में उठाया है जब जम्मू-कश्मीर हाई कोर्ट ने फारूक अब्दुल्ला और कुछ अन्य के खिलाफ मामला और आरोपपत्र 14 अगस्त को खारिज कर दिया था।

# इंडिया एक्सपो मार्ट में पीएम मोदी, सेमिकॉन इंडिया 2024 का किया उद्घाटन

**ग्रेटर नोएडा, 10 सितम्बर [एजेंसी]।**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सेमीकॉन इंडिया-2024 आयोजन भारत को आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सैमसंग ने अपनी यूनिट की स्थापना के लिए निवेश नोएडा में ही किया है। यूपी पहले से ही वैश्विक सेमीकंडक्टर डिजाइन के रूप में स्थापित हो रहा है। छह प्रमुख कंपनियां प्रदेश में स्थापित हैं। स्थानीय प्रतिभा को लाभ उठाने में सहयोग प्रदान कर रही हैं।

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र में सभी हितधारकों की उत्साही भागीदारी हमारे प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण की सफलता और जिस व्यवस्थित तरीके से उन्होंने इस नीति को संचालित किया है, उसका एक मजबूत संकेतक है। प्रधानमंत्री मोदी का दृष्टिकोण प्रौद्योगिकी तक पहुंच को लोकतांत्रिक बनाना है। अब तक की गई सभी पहल, चाहे वह डिजिटल इंडिया मिशन हो, टेलीकॉम मिशन हो, हर चीज ने तकनीक को आम नागरिकों के हाथों में पहुंचा दिया है। हमारे देश में सेमीकंडक्टर उद्योग की वृद्धि इस दृष्टिकोण को और गहरा करेगी केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सेमीकॉन इंडिया-2024 के शुभारंभ कार्यक्रम में कहा कि सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में भारतीय प्रतिभाओं को विकसित करने के लिए अगले 10 साल में 85 हजार इंजीनियर और तकनीशियनों को तैयार करने का लक्ष्य है। इसके लिए 130 विश्वविद्यालयों को जोड़ा गया है।

सेमीकंडक्टर क्षेत्र की जरूरत को ध्यान में रखते हुए पाठ्यक्रमों को डिजाइन किया गया है। इंडिया एक्सपो मार्ट में पीएम मोदी ने सेमिकॉन इंडिया 2024 का उद्घाटन किया। केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने पीएम मोदी को मेक इन इंडिया का चिन्ह भेंट किया।

# अमेरिका पहुंचे डिप्टी सीएम अरुण साव, एक्स पोस्ट कर दी जानकारी



**रायपुर।** डिप्टी सीएम अरुण साव अमेरिका पहुंच गए है। एक्स पोस्ट कर उन्होंने जानकारी दी है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव अपने अमेरिका प्रवास के दौरान न्यूयॉर्क, वाशिंगटन, केलिफोर्निया और सेन फ्रांसिस्को में सड़क परियोजनाओं का भ्रमण करेंगे और सड़क निर्माण तकनीकों की जानकारी लेंगे।

वे इस दौरान एशियन डेवलपमेंट बैंक द्वारा आयोजित कार्यशाला-सह-प्रशिक्षण में भी हिस्सा लेंगे। वे वहां उन्नत सड़क परियोजनाओं के साथ ही अच्छी गुणवत्ता के सड़क निर्माण और छत्तीसगढ़ में इन्हें लागू करने के संबंध में चर्चा करेंगे। साव 18 सितम्बर को भारत लौटेंगे।


स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक

चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार

डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)

-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


# पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पर की फायरिंग, बीएसएफ का एक जवान घायल

**जम्मू, 11 सितम्बर [एजेंसी]।**



जम्मू-कश्मीर के जम्मू जिले में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तान की ओर से गोलीबारी की गई, जिसमें सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का एक जवान घायल हो गया। बताया जा रहा है कि पाकिस्तानी सेना की ओर से बुधवार को संघर्ष विराम समझौते का उल्लंघन किया गया। इस दौरान पाकिस्तानी सेना ने समझौते का उल्लंघन करते हुए फायरिंग शुरू कर दी। भारतीय सेना की ओर से गोलीबारी का मुंहतोड़ जवाब दिया गया, जिसके बाद अंतरराष्ट्रीय सीमा पर गोलीबारी बंद हुई। बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने बताया कि 11 सितंबर को सीमा पार से अखनूर इलाके में गोलीबारी की घटना हुई, जिसका बीएसएफ ने मुंहतोड़ जवाब दिया। पाकिस्तानी गोलीबारी में बीएसएफ के एक जवान घायल हो गया है। बीएसएफ के एक प्रवक्ता के मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सेना हाई अलर्ट पर है। सुरक्षाबलों की टीम बॉर्डर पर कड़ी निगरानी रख रही है। जम्मू-कश्मीर में 10 साल के बाद विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। पहले चरण में अनंतनाग, पुलवामा, शोपियां और कुलगाम जिलों की 16 सीटों पर चुनाव होंगे।

इसके अलावा डोडा, किश्तवाड़ और रामबन जिलों की आठ विधानसभा सीटों पर मतदान 18 सितंबर को होगा। वहीं, जम्मू, कठुआ और सांबा जिलों में 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को विधानसभा चुनाव के लिए दूसरे और तीसरे चरण में मतदान होगा। ज्ञात हो कि जम्मू डिवीजन के पहाड़ी जिलों पुंछ, राजौरी, डोडा, कठुआ, रियासी और उधमपुर में पिछले दो से तीन महीनों के दौरान सेना, सुरक्षाबलों और नागरिकों पर आतंकवादी हमले दर्ज किए गए हैं। इन हमलों के बाद सेना ने कई जिलों में 4,000 से अधिक सैनिकों को तैनात किया है।






# शिमला में एक हफ्ते से लगातार भूस्खलन रुक गए वाहनों के पहिए, लोग परेशान

**शिमला, 10 सितम्बर [एजेंसी]।**



शिमला में एक सप्ताह से लगातार हो रही वर्षा के कारण जगह-जगह भूस्खलन से रास्ते अवरुद्ध होने से जाम की समस्या गंभीर होती जा रही है। प्रशासन ने क्रॉसिंग के समीप मार्ग को तो खोल दिया है लेकिन लोगों में यह भय बना हुआ है कि वर्षा से कभी भी इस स्थान पर भूस्खलन हो सकता है। इस कारण पैदल चलने वाले लोग भूस्खलन संभावित स्थान से बड़ी सतर्कता के साथ निकल रहे हैं। वहीं वाहन चालक भी इस स्थान पर फंस रहे हैं जिससे यहां पर ट्रैफिक जाम लग रहा है। वहीं चक्कर मार्ग पर प्रेस के समीप भी भूस्खलन का क्रम जारी है। लोगों ने भूस्खलन रोकने के लिए तिरपाल लगाए हैं लेकिन बरसात होने के कारण यहां पर खतरा बना हुआ है।

टुटू से क्रॉसिंग की ओर पुराना बस स्टैंड आने के लिए लोगों को सुबह करीब सवा नौ बजे एक से डेढ़ घंटे का समय लग गया। क्रॉसिंग के समीप जाम से मार्ग पर सभी छोटे-बड़े वाहनों की लंबी कतारें लग गई। इस दौरान स्कूल, कालेज और कार्यालय जाने वाले लोग परेशान होकर पैदल ही गंतव्यों को ओर निकल पड़े। ऐसे में सबसे अधिक परेशानी स्कूली विद्यार्थियों को झेलनी पड़ती है, एक तो उनकी पीठ पर बड़े भारी-भारी बैग और ऊपर से बारिश, दूसरे स्कूल समय पर पहुंचने की चिंता।

# धार्मिक झंडे को लेकर दो गुटों के बीच तनाव, हुआ पथराव, पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए

**भरूच, 11 सितम्बर [एजेंसी]।**



गुजरात के भरूच में बीती रात धार्मिक झंडे को लेकर दो गुटों के बीच तनाव का मामला सामने आया है। इस दौरान दोनों तरफ से पथराव की घटना भी हुई है। हालांकि, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को काबू में कर लिया।

बताया जा रहा है कि विवाद एक तरफ गणेश महोत्सव और दूसरी तरफ इस्लामिक धार्मिक झंडा लगने से शुरू हुआ। हालांकि, अभी स्थिति काबू में है। डीएसपी भारूच मयूर चावड़ा के मुताबिक बीती रात 10.30 बजे के करीब पुलिस को सूचना मिली थी कि दो समुदाय के लोग आमने सामने आ गए हैं। पुलिस मौके पर पहुंची तो इसमें झंडे लगाने के विषय में दोनो और बवाल हुआ था।

पुलिस ने आकर स्थिति पर काबू पाया है। फिलहाल इसकी जांच चल रही है। हाल ही में सूरत के लालगेट इलाके के सैयदपुरा क्षेत्र में गणेश उत्सव के दौरान एक बड़ी घटना सामने आई थी। यहां एक गणेश पंडाल पर पथराव की घटना से इलाके में तनाव फैल गया था।

# बिजली विभाग की टीम ने लखनऊ के कई इलाकों में मारा छापा, कटिया लगाकर एसी चलाते मिले लोग; केस दर्ज

**फिलाडेल्फिया, 11 सितम्बर [एजेंसी]।**



लखनऊ। बिजली अभियंताओं ने तालकटोरा के एकता नगर, गोविंदपुरम, समनान गार्डन, इल्मास बाग और राजा विहार में सुबह पांच बजे के आसपास चेकिंग अभियान चलाया। अभियंताओं ने बताया कि योजना बनाकर तीन टीमों ने अलग अलग मोहल्लों में छापे मारे। छापे के दौरान 11 बिजली चोर मिले, जो सीधे बाईपास या कटिया लगाकर बिजली चोरी कर रहे थे। जांच में 25 किलोवाट की बिजली चोरी पकड़ी गई है। अधिशासी अभियंता कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया कि हमीद उल्लाह, जयकरन, विन्ध्यवासिनी, बृजरानी, इमामुद्दीन, कल्लू कबाड़ी, मो. इमरान, राजेश, सलमा, मो. अब्दुल, सहनील के घर में चोरी मिली है। अधिकांश घरों में मीटर बाईपास व कटिया लगाकर एसी चलाए जा रहे थे। बिजली चोरी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। प्रयागराज में किस फीडर से कितनी बिजली आपूर्ति हो रही है? इसका पूरा हिसाब रखने के लिए फीडरों पर स्मार्ट मीटर लगाए जाने का सिलसिला शुरू हो गया है। इससे पता चल जाएगा कि किस फीडर पर कितनी बिजली चोरी हो रही है। इसके अलावा डिस्मेंटल बाक्स का जाल बिछाया जा रहा है। इसमें सिर्फ वैध कनेक्शनधारियों की ही लाइन को जोड़ा जाएगा।

यह पूरा प्रयास बिजली चोरी पर अंकुश लगाने के लिए किया जा रहा है। चोरी से बिजली का इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ अब बड़े पैमाने पर अभियान चलाया जा रहा है। बिजली कंपनियों ने ज्यादा चोरी वाले क्षेत्रों का पूरा ब्योरा तैयार किया है। पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने उन क्षेत्रों में बिजली की चोरी पकड़ने का अभियान पहले चलाने के निर्देश दिए थे जहां बड़े पैमाने पर चोरी-छिपे बिजली का इस्तेमाल किया जा रहा है।

# जिले में 30 सितम्बर तक मनाया जा रहा राष्ट्रीय पोषण माह

कोरबा । जिले में शासन के निर्देशानुसार पोषण माह 30 सितम्बर 2024 तक मनाया जा रहा है। पोषण माह का शुभारंभ 31 अगस्त 2024 को मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी, केन्द्र शासन के द्वारा एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम व उनके ऑनलाईन संबोधन के साथ समस्त जिलों में किया गया। इसी कड़ी में जिले के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में 1 सितम्बर 2024 को पोषण माह प्रारंभ किया गया। पोषण माह हेतु शासन द्वारा महिला एवं बाल विभाग व सहयोगी समस्त विभागों द्वारा की जाने वाली गतिविधियों में मुख्य रूप से एनीमिया, वृद्धि निगरानी, पूरक आहार, पोषण भी पढ़ाई भी, बेहतर प्रशासन, पारदर्शिता और कुशल सेवा वितरण के लिए प्रौद्योगिकी, समग्र पोशण थीम पर आधारित है।

महिला बाल विकास विभाग द्वारा पोषण माह की सफलता के लिए पूरे माह की जाने वाली गतिविधियों का कैलेण्डर सहित कार्ययोजना तैयार की गई है। जिसके अंतर्गत 1 सितम्बर से अलग-अलग गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, उप स्वास्थ्य केन्द्रों में किशोर बालक बालिकाओं के लिए एनीमिया कैम्प का आयोजन कर गर्भवती एवं धात्री महिलाओं का एनीमिया स्वास्थ्य जांच एवं आई.एफ.ए. का वितरण किया गया। वीएचएसएनडी में पोषण एवं स्वास्थ्य विषय पर चर्चा एवं महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों को मिलने वाली सहायता राशि का उपयोग उनके स्वास्थ्य एवं पोषण में किये जाने पर चर्चा, एनीमिया कैम्प का आयोजन पंचायत स्तर पर, शहरी मलिन बस्तियों में एवं बाल देखरेख संस्थाओं में किया गया। राष्ट्रीय कृमि दिवस के अंतर्गत मॉफअप दिवस का आयोजन किया गया। एनीमिया से निपटने में आयुष की भूमिका विषय पर वेबिनार का आयोजित की गई। ग्राम/वार्ड स्तर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/मितानिन द्वारा महत्वपूर्ण पोषण संदेशों पर आधारित नारों का लेखन किया गया। सही वृद्धि मापन एवं अनुश्रवण के संबंध में वेबिनार का आयोजन किया गया।




## सहकारी समिति बरपाली में कृषक प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

### किसानों को योजनाओं की दी गई जानकारी

कोरबा । सहकारी समिति बरपाली में राष्ट्रीय खाद्यान्न सुरक्षा मिशन योजना अंतर्गत कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में किसानों को विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई जिसमें धान में लगने वाले कीट व्याधि के नियंत्रण के उपायों के बारे में बताया गया। साथ ही पीएम किसान सम्मान निधि योजना के बारे में जानकारी देते हुए किसानों का ई-केवाईसी लैंड सीडिंग व आधार सीडिंग का कार्य किया गया व सॉइल हेल्थ कार्ड का वितरण किया गया। किसानों को प्रशिक्षण उपरांत फील्ड विजिट कराकर धान फसल से संबंधित कीट व्याधि की पहचान कराई गई एवं नियंत्रण हेतु विभिन्न प्रकार के कीटनाशक एवं रोग नाशक दावाओं का प्रयोग विधि छिड़काव करके बताया गया। प्रषिक्षण में जनपद सदस्य श्री रवि शंकर राठिया, बरपाली के सरपंच श्री समय लाल कंवर, ग्राम जिल्गा के सरपंच श्री महाप्रसाद एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कोरबा श्री जी एस मरकाम सहित अन्य ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं ग्रामीण किसान उपस्थित थे।



## कृषि विज्ञान केन्द्र कटघोरा में प्राकृतिक एवं गौ आधारित खेती पर कार्यशाला हुई आयोजित



कोरबा । कृषि विज्ञान केन्द्र एवं कृषि महाविद्यालय कटघोरा, कोरबा तथा कृषि विभाग व भारतीय किसान संघ के तत्वाधान में कृषि विज्ञान केन्द्र में भगवान श्री बलराम जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में प्राकृतिक एवं गौ आधारित खेती पर कार्यशाला आयोजित की गई। भगवान श्री बलराम की जयंती प्रतिवर्ष भाद्रपद, शुक्ल षष्ठी तिथि को आयोजित की जाती है। इस कार्यक्रम का ऑनलाईन शुभारंभ इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा किया गया। जहां कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम एवं सांसद रायपुर श्री बृजमोहन अग्रवाल सहित प्रबंध मंडल सदस्य भी उपस्थित थे।

इसी कड़ी में कृषि विज्ञान केन्द्र एवं कृषि महाविद्यालय कटघोरा में भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष श्री तारा सिंह कंवर एवं भारतीय किसान संघ कोरबा के प्रतिनिधि श्री शेष नारायण पटेल, डॉ. एस.एस. पोर्ते अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, कटघोरा, डॉ. एस.के. उपाध्याय, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान श्री डी.पी.एस. कंवर उप संचालक कृषि, कोरबा श्रीमती सीमा गौतम अनुविभागीय अधिकारी कृषि कोरबा एवं प्राकृतिक खेती से जुड़े कृषक एवं जनप्रतिनिधि गण उपस्थित थे। मुख्य अतिथियों द्वारा प्राकृतिक एवं गौ आधारित खेती एवं उनकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान प्राकृतिक एवं गौ आधारित खेती करने वाले 15 कृषकों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। साथ ही हल, कृषि यंत्रों, गौ-माता का पूजन भी किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा प्राकृतिक खेती पर गाय के गोबर से खेती करके इसे विज्ञान से जोड़कर खेती करने की सलाह दी गई।

## ... तो जीवन बन जाता है सार्थक

कोरबा । क्षमा के समान मार्दव धर्म भी आत्मा का स्वभाव है। मार्दव स्वभावी आत्मा के आश्रय से आत्मा में जो मन के अभाव रूप, शांति स्वरूम पर्याय प्रकट होती है। उसे भी मार्दव धर्म कहते हैं। मनुष्य जीवन में यदि हमने अपने आप को साधना में ढाल लिया तो जीवन सार्थक एवं उपयोगी बन जाता है।

उक्त सार गर्भित कथन श्रमण संस्कृति संस्थान किशनगढ़ जयपुर, राजस्थान से पधारे प्रवचनकार रोहित जैन शास्त्री ने पर्यूषण पर्व के दूसरे दिन अपने प्रवचन में कही। दिगंबर जैन मंदिर में जैन धर्मावलंबियों का पर्वाधिराज पर्यूषण पर्व बड़े भक्ति भाव के मनाया जा रहा है। उन्होंने आगे बताया कि मृदुता का नाम मार्दव है। मान कषाय के कारण, आत्म स्वभाव में विद्यमान कोमलता का अभाव हो जाता है और उसमें एक अकड़ उत्पन हो जाती है। मान कषाय के कारण मानी अपने को बड़ा और दूसरे को छोटा समझने लगता है। उसमें समुचित विनय का भी अभाव हो जाता है। मान के खातिर वह छल-कपट करता है। मान भंग होने पर यह क्रोधित हो उठता है। सम्मान प्राप्ति के लिए वह कुछ भी करने को तैयार रहता है। मार्दव धर्म में आज मैं को हटाने का दिन है मान का प्रवचन सरल है। परंतु उसे छोड़ना अत्यंत कठिन है। अहंकार की मृत्यु पर ही सत्य की विजय है। आज का मानव आकार की कठपुतली बन गया है। उन्होंने कहा कि मार्दव धर्म को यदि पालन करना है या उतरना है तो नम्र होना आवश्यक है। बीज अपना अस्तित्व मिटता है, तभी वह वृक्ष बनता है। मार्दव धर्म अहंकार और मान को विसर्जित करने का तरीका है। जैन मंदिर पर ध्वज लगाने मे वीरेंद्र नारद, रेनू नारद, नेमीचंद जैन, के.पी. जैन, राजीव सिंघई, साधना, मंजू आशा, संजय जैन, राजेश, वंदना, सौरभ नारद मुकलेश, कल्पना, रेनू भागचंद जैन, सुनील ज्योति जैन, तथा शीलचंद जैन, अंतिम अजीत लाल जैन ने सहयोग किया।

## स्मार्ट बिजली मीटर का होने लगा विरोध स्लम एरिया के लोगों ने कहा पहले रहीशो के घर में लगे मीटर

कोरबा। बिजली कंपनी की कोशिश विद्युत चोरी रोकने के साथ-साथ लोगों तक सुविधा पहुंचाना है, लेकिन समस्या ये है कि इसकी शुरुआत उन जगहों से की गई है जो रोज कमाते खाते हैं। ऐसे में उन्हें अब घर में रोशनी के लिए पहले ही रिचार्ज कराना होगा। यदि कोई इससे चूक जाता है तो उसके घर में बिजली रानी नहीं आएगी। फिलहाल इंतजाम पहले की ही तरह है, लेकिन मीटर का काम पूरा होने के बाद रिचार्ज सिस्टम लागू होगा। जिससे लेकर लोग अब इसका विरोध करने लगे हैं। मोबाइल रिचार्ज की तरह अब बिजली मीटर को प्रीपेड रिचार्ज करना पड़ेगा। कोरबा जिले के शहरी क्षेत्र में इसकी शुरुआत हो चुकी है। पहले चरण में एक लाख से अधिक लोगों के घर में स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं। फिलहाल शहर के झुग्गी झोपड़ी वाले इलाकों में इसे लगाया जा रहा है। स्मार्ट मीटर लगने से खासतौर पर झुग्गी झोपड़ी और बस्ती के लोगों में आक्रोश हैं। उनका कहना है कि ये योजना गरीबों के लिए घातक है। पहले चरण में 1 लाख 25 हजार उपभोक्ताओं के मकानों में स्मार्ट मीटर लगेंगे। कोरबा के तुलसीनगर जोन से स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने की शुरुआत हुई है। जोन अंतर्गत आने वाले कोहडिया, ढोढ़ीपारा, कृष्णा नगर और गायत्री नगर के मकानों में नए मीटर लगाने का काम तेजी से चल रहा है। अब तक 1 हजार से अधिक मकानों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाया जा चुका है, हालांकि अभी नए मीटर में रिचार्ज की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी। फिलहाल पहले की तरह ही रीडिंग करके बिल भेजा जाएगा। अधिकांश क्षेत्र में नए मीटर लगने के बाद रिचार्ज सिस्टम लागू किया जाएगा। वहीं मजदूरी का काम करने वाले लोगों का कहना है कि स्मार्ट मीटर हमारे घर में लगा दिया गया है। जिससे हमें काफी परेशानी हो रही है। हर दो-तीन साल में बिजली विभाग वाले मीटर बदल देते हैं। जिसके बाद प्रीपेड करने के अलावा हमारे पास कोई विकल्प नहीं बचेगा। वहीं महिलाओं के मुताबिक उन्हें स्मार्ट मीटर बिल्कुल नहीं चाहिए। उनका कहना है कि स्थानीय मंत्री से मांग है कि वह तत्काल इस मीटर को उखाड़ कर ले जाने का इंतजाम करें और पुराना वाला मीटर ही लगा रहने दें। लोग भले ही इसका विरोध कर रहे हो, लेकिन बिजली विभाग ने पुराने मीटर को उखाड़कर लोगों के घरों में नए मीटर लगा दिए हैं। आने वाले कुछ ही दिनों में उन्हें बिजली को भी प्रीपेड रिचार्ज करना होगा। इसके बाद ही आम लोग बिजली का उपयोग कर सकेंगे। बिजली विभाग की माने तो इससे लोड का सही आकलन होगा। बिजली की चोरी रुकेगी और नई टेक्नोलॉजी से कई फायदे होंगे। स्मार्ट मीटर लग चुके क्षेत्र ढोढीपारा बस्ती के लोगों ने बताया कि स्मार्ट मीटर कोई फायदा नहीं है। अब तक तो हम महीने भर का बिल एक साथ चुकता करते थे, लेकिन हम मिडिल क्लास लोग हैं। हमेशा हमारे पास पैसे नहीं होते।

### सतपाल शर्मा का हुआ निधन-अंत्येष्टि आज

कोरबा । पंजाबी समाज कोरबा के पूर्व अध्यक्ष सतपाल शर्मा का 10 सितंबर दिन मंगलवार को निधन हो गया है।



सहज, सरल, शांत, मृदभासी स्वर्गीय सतपाल शर्मा समाज सेवा मे हरदम आगे रहते थे। पंजाबी समाज कोरबा मे उनके योगदान को हमेशा याद रखा जायेगा। स्वर्गीय सतपाल शर्मा अपने पीछे पत्नी और दो पुत्र सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ कर गये है। उनके निधन की खबर से पंजाबी समाज सहित कोरबा अंचल में शोक की लहर दौड़ गयी हैं। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान अग्रोहा भवन कोरबा के सामने से मोतीसागर मुक्तिधाम जाएगी।



## मिठाई दुकान से सैंपल लेकर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने भेजा जांच लेबोरेटरी

### गणेश उत्सव को देखते हुए की गई जांच

कोरबा । कलेक्टर श्री अजीत वसंत द्वारा जिले में खाद्य एवं औषधि प्रषासन विभाग को मिठाई में मिलावट की जांच करने तथा आवष्यक कार्यवाही के निर्देष दिए गए हैं। इसी कड़ी में गणेष उत्सव को ध्यान में रखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रषासन विभाग द्वारा विगत दिवस कोरबा के बीकानेर स्वीट्स हरियाणा से बूंदी लड्डू, कटघोरा के पटेल स्वीट्स एंड नाश्ता सेंटर से बेसन के लड्डू एवं दर्री स्थित सात्विक डेली नीड्स से बूंदी का सैंपल लेकर रायपुर स्थित स्टेट फूड टेस्टिंग लेबोरेटरी भेजा गया है। जिसमे जांच रिपोर्ट आने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## वेदांता ने कोयला खदानों के लिए डेविड स्टोन को नियुक्त किया मुख्य कार्यपालन अधिकारी

कोरबा। भारत की सबसे बड़ी एल्युमिनियम उत्पादक वेदांता एल्युमिनियम ने डेविड स्टोन को कोयला खदानों के लिए मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया है। अपनी इस नई भूमिका में डेविड कंपनी के समग्र कोयला खनन प्रचालनों को देखेंगे तथा टेक्नोलॉजी और नवाचार का उपयोग करके संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करेंगे।झारसुगुड़ा व लांजीगढ़ (ओडिशा) तथा कोरबा (छत्तीसगढ़) में वेदांता एल्युमिनियम के थर्मल पॉवर प्लांट्स में संसाधन दक्षता अनूकूलन में डेविड की विशेषज्ञता बेहद महत्वपूर्ण सिद्ध होगी; और साथ ही वे सस्टेनेबल खनन पद्धतियों पर कड़ी निगाह रखेंगे। कंपनी के पास 5 सक्रिय कोयला खदानें हैं, जिनकी संयुक्त क्षमता लगभग 4 करोड़ टन प्रति वर्ष है। इन खदानों में जमखानी, कुरालोई, राधिकापुर, घोघरपल्ली और बर्रा शामिल हैं, जिसमें अभी अन्वेषण चल रहा है।डेविड के पास दुनिया भर में संसाधन व्यवसायों को प्रबंधित करने का 30 से भी अधिक वर्षों का अनुभव है। वे विकास, विलय, परियोजना विकास और संचालन में महत्वपूर्ण पदों पर काम कर चुके हैं। वे हमेशा शेयरधारकों के लिए मूल्य बनाने पर ध्यान देते हैं। उन्होंने कई व्यवसायों में बड़े बदलाव किए हैं। साथ ही, उन्हें एंग्लो अमेरिकन, ऐक्स स्ट्राटा और ग्लेनकोर आदि प्रतिष्ठित कंपनियों के लिए खनन प्रचालन का अनुभव हासिल है।वेदांता एल्युमिनियम के सीईओ जॉन स्लेवन ने इस मौके पर कहा, ''वेदांता एल्युमिनियम में डेविड का स्वागत करते हुए हम बहुत रोमांचित हैं। उनका जो रिकॉर्ड रहा है, उसके आधार पर हमारे खनन प्रचालनों के लिए वे आदर्श लीडर साबित होंगे। वे बैकवर्ड इंटिग्रेशन सुनिश्चित करेंगे, जिससे हमारे कारोबार के लिए कच्चा माल सुरक्षित हो और उत्पादन की लागत घटाई जा सके। वृद्धि की महत्वाकांक्षी योजनाओं के मद्देनजर हम अपनी संसाधन क्षमता बढ़ा रहे हैं, ऐसे में उनकी विशेषज्ञता संगठन के लिए अनमोल सिद्ध होगी।''अपनी इस नियुक्ति पर वेदांता एल्युमिनियम के सीईओ- कोल माइंस, डेविड स्टोन ने कहा, ''वेदांता एल्युमिनियम में शामिल होना मेरे लिए सम्मान की बात है। कंपनी के कोयला प्रचालन का नेतृत्व करने का यह अवसर मुझे ऐसे अहम वक्त में दिया जा रहा है, जब कंपनी अपनी उत्पादन क्षमता का विस्तार कर रही है। मैं इस प्रतिभाशाली टीम के साथ काम करने के लिए उत्साहित हूं। हम मिलकर नवीन रणनीतियों को अमल में लाएंगे, जिनसे हमारे संसाधनों का अनुकूलन होगा, लागतें घटेंगी और कंपनी की वृद्धि एवं सस्टेनेबिलिटी के उद्देश्यों में योगदान होगा।''विस्तार एवं लागत घटाने हेतु वेदांता एल्युमिनियम की रणनीति के तहत कंपनी ने बैकवर्ड इंटिग्रेशन के लिए एक व्यापक योजना तैयार की है, जिसमें मजबूत कोयला आपूर्ति श्रृंखला के महत्व पर बल दिया गया है। नई कोयला खदानें कंपनी की मौजूदा थर्मल पॉवर सम्पत्तियों को आपूर्ति करते हुए बिजली उत्पादन की लागत को काफी कम कर देंगी। यह भी गौरतलब है कि वेदांता एल्युमिनियम इस बात के लिए प्रतिबद्ध है कि उसके पॉवर पोर्टफोलियो में कोयले से चलने वाले संयंत्रों में अब और इजाफा नहीं किया जाएगा। इसलिए, वेदांता एल्युमिनियम के सस्टेनेबिलिटी लक्ष्यों को पूरा करने की खातिर डिजिटलीकरण एवं नवाचार को अधिकतम किया जाएगा, ताकि कोयला संसाधनों का उच्चतम दक्षता के साथ उपयोग किया जा सके।

वेदांता लिमिटेड की इकाई वेदांता एल्युमिनियम भारत की सबसे बड़ी एल्युमिनियम उत्पादक है। वित्तीय वर्ष 24 में 23.7 लाख टन उत्पादन के साथ कंपनी ने भारत के कुल एल्युमिनियम का आधे से ज्यादा हिस्सा उत्पादित किया। यह मूल्य संवर्धित एल्युमिनियम उत्पादों के मामले में अग्रणी है, जिनका उपयोग कई अहम उद्योगों में किया जाता है। वेदांता एल्युमिनियम को एल्युमिनियम उद्योग में एस एंड पी ग्लोबल कॉर्पोरेट सस्टेनेबिलिटी असेसमेंट 2023 में पहली वैश्विक रैंकिंग मिली है, यह उपलब्धि कंपनी की सस्टेनेबल विकास प्रक्रियाओं को प्रतिबिम्बित करती है। भारत में अपने विश्वस्तरीय एल्युमिनियम स्मेल्टर्स और एल्यूमिना रिफाइनरी के साथ कंपनी हरित भविष्य के लिए विभिन्न कार्यों में एल्युमिनियम के प्रयोग को बढ़ावा देने और इसे 'भविष्य की धातु' के रूप में पेश करने के अपने मिशन में लगातार आगे बढ़ रही है।

## कुदुरमाल में सांसद का दौरा कल



कोरबा । लोकसभा क्षेत्र कोरबा की कांग्रेस सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत गुरुवार 12 सितम्बर को मुक्तामणि धाम कुदुरमाल के प्रवास पर रहेंगी। यह जानकारी छत्तीसगढ़ प्रदेश कंग्रेस अनुसूचित जनजाति विभाग के सचिव श्री समेलाल जगत ने दी है।

श्री समेलाल जगत ने बताया है कि दिनांक 12/9/2024 दिन गुरुवार को संध्या पांच बजे कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमति ज्योत्सना चरणदास महंत कबीरपंथ के मुख्य आस्था केन्द्र मुक्तामणि धाम कुदुरमाल पहुंच कर मुक्तामणी जी के समाधि स्थल में पूजा- अर्चना करेंगी। प्रदेश कंग्रेस अनुसूचित जनजाति विभाग के सचिव श्री समेलाल जगत ने क्षेत्र के आम नागरिकों और कांग्रेसजनों से अनुरोध किया है कि अधिक से अधिक संख्या में कुदुरमाल मुक्तामणीधाम पहुंच कर सांसद के साथ पूजा में सम्मलित होकर पुण्य का भागीदार बने।

## प्रदेश के कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन ने 2.11 करोड़ लागत कार्य का किया भूमिपूजन



कोरबा । वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने एसईसीएल मानिकपुर वार्ड क्रमांक 30 में 2.11 करोड़ की लागत से होने वाले पेयजल आपूर्ति कार्य का भूमिपूजन किया।इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने विधिवत पूजन कर कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने कहा की लंबे समय से मानिकपुर वार्ड के रहवासियों को पेयजल के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। एसईसीएल की पुरानी जंग लगी लाईन से गंदे पानी की आपूर्ति होती थी। पोखरी के गंदे पानी की वजह से लोगों को कई तरह की बीमारी की समस्या झेलनी पड़ रही थी। श्री देवांगन ने कहा कि आज मानिकपुर कॉलोनी के लिए ऐतिहासिक दिन है, विगत कई वर्षों से जो मांग अधर में लटकी हुई थी। भाजपा शासन आने के बाद तेजी से प्रक्रिया पूरी कर अब कार्य प्रारंभ किए जा रहे हैं। श्री देवांगन ने कहा की मानिकपुर कॉलोनी के 487 एसईसीएल कर्मचारियों की आज लंबे अरसे बाद पूरी होने जा रही है। लोगों की समस्या को देखते हुए अब नवीन पाइपलाइन बिछाने का कार्य शुरु किया जा है। जो उच्च जलागार से सीधे लोगों के घर तक पहुंचेगी। सभी को साफ पेयजल की आपूर्ति होने लगेगी। कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण गुणवत्ता के साथ काम करने के निर्देश दिए हैंइस अवसर पर वार्ड क्रमांक 30 के पार्षद फूलचंद सोनवानी, वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद नरेंद्र देवांगन, वॉर्ड क्रमांक 23 के पार्षद अब्दुल रहमान, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, कोरबा मंडल अध्यक्ष परविंदर सिंह, कोसाबाड़ी मंडल अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा, सरयू अजय, सुशील गर्ग, नारायण कुर्रे सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

## कोयला उत्खनन के लिए कुसमुंडा कर रहा ब्लास्टिंग फ्री सरफेस माइनर तकनीक का इस्तेमाल

कोरबा। एसईसीएल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने की दिशा में काम कर रहा है। इसके लिए वृहद स्तर पर पौधरोपण के साथ ही कोयला उत्पादन में ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा दे रही है। खासकर कंपनी के मेगा परियोजना कुसमुंडा में हरित प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने ड्रिलिंग और ब्लास्टिंग फ्री सरफेस माइनर तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। गत वित्तीय वर्ष के कोयला उत्पादन में ग्रीन एनर्जी के तहत 53 फीसदी कोयला इसी तकनीक से खनन किया गया था। मौजूदा वित्तीय वर्ष में भी इसी तकनीक से खनन का काम जारी है। हरित प्रौद्योगिकी को दुनिया की चौथी सबसे बड़ी कोयला खदान कुसमुंडा मेगा परियोजना में बखूबी बढ़ावा दिया जा रहा है। खदान में कोयला निकालने के लिए ड्रिलिंग और ब्लास्टिंग फ्री सरफेस माइनर तकनीक का उपयोग कारगर साबित हो रही है। पिछले वित्त वर्ष में 53 प्रतिशत से अधिक कोयले का उत्पादन इस पर्यावरण अनुकूल तकनीक का उपयोग करके किया गया था। खदान में कोयला खनन के लिए विश्व-स्तरीय अत्याधुनिक मशीनों जैसे सरफेस माइनर का प्रयोग किया जाता है। यह मशीन ईको-फ्रेंडली तरीके से बिना ब्लास्टिंग के कोयला खनन कर उसे काटने में सक्षम है। ओवरबर्डन (मिट्टी और पत्थर की ऊपरी सतह जिसके नीच कोयला दबा होता है) हटाने के लिए यहां बड़ी और भारी एचईएमएम (हेवी अर्थ मूविंग मशीनरी) को प्रयोग में लाई जाती है, जिसमें 240-टन डंपर, 42 क्यूबिक मीटर शॉवेल व पर्यावरण-हितैषी ब्लास्ट-फ्री तरीके से ओबी हटाने के लिए वर्टिकल रिपर आदि मशीनें शामिल हैं। कुसमुंडा खदान ने वित्तीय वर्ष 23-24 में 50 मिलियन टन कोयला उत्पादन हासिल किया गया है और गेवरा की बाद ऐसा करने वाली यह देश की केवल दूसरी खदान है। खदान में हैवी ब्लास्टिंग के कारण खासकर आसपास रहने वाले लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। घरों की दीवारों में दरारें आने के साथ छत का प्लास्टर गिरने की घटनाएं सामने आती हैं। ब्लास्टिंग के साथ पत्थर और कोयले के टुकड़े छिटककर घरों और आंगन तक आ जाते हैं, जिससे हादसे का खतरा रहता है। साथ ही ब्लास्टिंग से धूल और कोल डस्ट का भी सामना करना पड़ता है। हरित प्रौद्योगिकी तकनीक से कोयला उत्पादन में इससे काफी हद तक राहत मिलेगी।

## अघोरपीठ आश्रम में मनायी गई अघोरेश्वर भगवान राम की जयंती

**अकलतरा।** अघोर पीठ जन सेवा अभेद आश्रम पोंडी दल्हा में अघोराचार्य कीनाराम जी के जन्म षष्ठी (लोलार्क षष्ठी) पर्व भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। इस पर्व का आयोजन कापालिक धर्म रक्षित राम के सान्निध्य में किया गया। इसके साथ ही अघोरेश्वर भगवान की 88वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर सुबह 8ः00 बजे आश्रम के व्यवस्थापक गोपाल राम ने बाबा कीनाराम की प्रतिमा का विधिवत पूजन-अर्चन किया। हवन और सफलयोनि का पाठ किया गया। इसके उपरांत चौबीस घंटे तक चलने वाले अखंड संकीर्तन अघोरान्ना परो मन्त्रः नास्ति तत्वं गुरोः परम् का विधिवत शुभारम्भ हुआ।

## आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए आवेदन 25 तक

**जांजगीर-चांपा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना बम्हनीडीह अंतर्गत आंगनबाड़ी केंन्द्र दारंग 3 में कार्यकर्ता और सहायिका पद, चोरिया 07, बम्हनीडीह 05, गिधौरी 02, दारंग 03, अफरीद 02 दुरपा 01 में सहायिका पद के लिए आवेदन मंगाए गए हैं। परियोजना अधिकारी ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए मूल्यांकन समिति ने प्राप्त कए गए अंकों के आधार पर प्रथम (प्रावधिक) योग्यता सूची जारी की है। उक्त सूची, परियोजना कार्यालय और जनपद पंचायत बम्हनीडीह में प्रकाशित कर दी गई है। पक्षकारों के इस संबंध में सप्रमाण दावा आपत्ति 12 सितम्बर से 25 सितम्बर तक कार्यालयीन समय में मंगाए गए हैं।

### जिले में गणेशोत्सव की धूम

**देवरी-चांपा।** नगर पंचायत सारागांव व ग्रामीण अंचल के देवरी,



सोनियापाठ, अमरूवा, कुम्हारीकला, लछनपुर, हनुमंता, कड़ारी, कुम्हारीखुर्द, बघौदा, पचोरी सहित आस-पास के गांवों के गली-मोहल्लों में गणेश समितियों ने विधिपूर्वक पूजा-अर्चना के बाद गणपति बप्पा की प्रतिमाएं स्थापित की। गणेश उत्सव पर्व 17 सितंबर अनंत चतुर्दशी तक चलेगा। गणेश पंडालों को लाइट, झालर और अन्य सजावटों से सजाकर भव्य रूप दिया गया है। गणेश पंडालों में दिन भर भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। सुबह और शाम भक्त भजन-कीर्तन और आरती में भाग ले रहे हैं।

# पांच लाख देकर दस लाख की वसूली,तीन सूदखोर गिरफ्तार

**जांजगीर- चांपा।** पांच लाख का कर्ज देकर दस - दस लाख रूपये का चेक लेकर सूदखोरी करने वाले तीन आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों में दो सगे और एक चचेरा भाई शामिल है। मामला कोतवाली थाना का है।

थाना प्रभारी प्रवीण द्विवेदी ने बताया कि ब्लाक कालोनी जांजगीर निवासी आशीष यादव पिता कृष्ण कुमार यादव से ओंकार राठौर, सुभाष राठौर और शिवशंकर राठौर उसके घर आकर उसके पिता कृष्ण कुमार यादव ने दस लाख रूपये उधार लिया है कहकर पैसे की मांग करते थे और धमकाते थे।

जिस पर आशीष ने अपने पिता से पूछा तो उसने बताया कि उतना कर्ज नहीं है वे लोग अधिक ब्याज बढ़ाकर बोल रहे है। दस - दस लाख का चेक लेकर इकरारनामा करा लिए है। वह कई बार उन लोगों को पैसा दे चुका है उसे ब्याज में कट गया बोलते है। पांच लाख के आसपास कर्ज होना बताए थे।

आशीष ने बताया कि उसके दादा-दादी बीमार है चलने में असमर्थ है इतने में ओंकर राठौर आशीष को अपने साथ न्यायालय ले गये और वहां दादा - दादी के बीमार होने के कारण इलाज के लिए रकम लेना लिखवा कर पांच-पांच लाख रूपये दो चेक में हस्ताक्षर करा लिए और नोटरी करा लिए ।

जिसमें एक माह यानि 20 सितंबर तक रकम वापस करने लिखवा लिए और घर को बिक्री करा देने की धमकी देते हैं। आशीष ने



कोतवाली थाने में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई जिस पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपित सुभाष राठौर व ओंकार राठौर को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई जिसमें उन्होंने विगत एक वर्ष पूर्व आशीष के पिता कृष्णा कुमार यादव ने पांच-पांच लाख रूपये उधार लिया था और दस - दस लाख रूपये का इकरारनामा कर चेक दिया था।

सुभाष राठौर ने कृष्णा कुमार यादव के द्वारा 50 हजार रूपये फोन पे एकाउन्ट में आना स्वीकार किया। पुलिस ने धाराशीव , वर्तमान पता दीनदयाल कालोनी एल. आई.जी. 97 जांजगीर निवासी सुभाष राठौर 37 वर्ष, उसके भाई शिवशंकर राठौर 40 वर्ष तथा चचेरे भाई धाराशीव निवासी ओंकार राठौर 34 वर्ष को बीएनएस की धारा 308 (2), 3(5) , 4 कर्जा एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रवीण कुमार द्विवेदी , सहायक उप निरीक्षक रामप्रसाद बघेल एवं जांजगीर थाना स्टाफ का सहयोग रहा ।



## पूण्य से मिलता है भागवत सुनने का लाभः पं.अवनीश

**अकलतरा।** श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के चौथे दिन व्यास पीठ पर विराजमान कथा वाचक पंडित अवनीश तिवारी ने वामन जन्म श्री राम जन्म व भगवान श्री कृष्ण के जन्म उत्सव की कथा सुनाई। भगवान श्रीकृष्ण का जन्म उत्सव धूमधाम से मनाने के साथ नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल के गीत से पंडाल गूंज उठा। भक्तों ने भक्ति भाव से नृत्य प्रस्तुत किया गया। पंडित अवनीश तिवारी ने कहा कि श्रीमद् भागवत सुनने का लाभ कई जन्मों के पुण्य से प्राप्त होता है। श्रीमद् भागवत कथा मनुष्य को जीवन जीने और मरने की कला सिखाती है। मनुष्य को जीवन परमा त्मा ने दिया है, लेकिन जीवन जीने की कला हमें सत्संग से प्राप्त होती है। सत्संग का मनुष्य के जीवन में बड़ा महत्व होता है। भगवान भक्तों के वश में हैं। भगवान हमेशा अपने भक्तों का ध्यान रखते हैं। कलयुग में भागवत की कथा सुनने मात्र से प्राणी को मोक्ष की प्राप्ति होती है। भागवत कथा ऐसी कथा है, जिसे ग्रहण करने से मन को शांति मिलती है।

कथावाचक ने भगवान श्री कृष्ण की विभिन्न लीलाओं की कथा प्रस्तुत की। कार्यक्रम में लखनलाल सिंघानिया, डॉ. ओमप्रकाश सिंघानिया, रमेश सिंघानिया, दिनेश सिंघानिया, अशोक सिंघानिया, दीपक सिंघानिया, सतीश अग्रवाल, नितेश अग्रवाल, हितेश अग्रवाल, दक्ष सिंघानिया समेत नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## राज्य कर्मी संघ का विस्तार, दिलीप यादव को ब्लाक अध्यक्ष की जिम्मेदारी

**जांजगीर।** राज्य कर्मचारी संघ का विस्तार नवागढ़ ब्लॉक में किया गया। इस संबंध में जिला इकाई की



बैठक बुलाई गई थी। इसमें राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष अरुण तिवारी, जिलाध्यक्ष अनुभव तिवारी व जिला सचिव विक्रांत साहू संगठन सचिव दीपक यादव ने ब्लॉक पदाधिकारियों का मनोनयन किया। राज्य कर्मचारी संघ के लिए नवागढ़ ब्लॉक अध्यक्ष दिलीप यादव को जिम्मेदारी दी। ब्लॉक उपाध्यक्ष की जवाबदारी जागेश्वर लहिमोर को दी। महिला प्रकोष्ठ से ब्लॉक उपाध्यक्ष ज्ञानेश्वरी भैना, ब्लॉक कोषाध्यक्ष लोमश राम श्रीवास, व ब्लॉक सचिव राजेश देवांगन को बनाया गया।

## शीघ्र ही जारी होगा 10, 12 वीं परीक्षा का रिजल्ट

**जांजगीर।** छत्तीसगढ में माध्यमिक शिक्षा मंडल 10वीं और 12वीं कक्षा की दूसरी मुख्य परीक्षा का रिजल्ट जल्द जारी कर सकता है। रिजल्ट का सबसे ज्यादा इंतजार 12वीं के बच्चे कर रहे हैं, क्योंकि पास होने वाले बच्चे कॉलेज में एडमिशन ले सकेंगे। इसी वजह से कॉलेजों में एडमिशन की अंतिम तारीख 14 सितंबर तक बढ़ाई गई है। राज्य शासन के निर्णय के अनुसार प्रदेश में 10वीं व 12वीं की पूरक परीक्षा के स्थान पर जून-जुलाई में दूसरी बार मुख्य परीक्षा इस साल से शुरू हुआ है। पहली मुख्य परीक्षा हर साल की तरह मार्च में हुई। दूसरी मुख्य परीक्षा जुलाई-अगस्त में ली गई है। कुछ छात्र-छात्राएं विषयों में कम अंक मिलने के बाद दोबारा परीक्षा में शामिल हुए। मूल्यांकन के बाद नतीजे तैयार करने का काम अंतिम चरणों में है।

## पुलिस ने जुआ खेल रहे तीन लोगों से 15 हजार जब्त किए

**जांजगीर।** जुआ खेलने वाले 3 आरोपी के खिलाफ अकलतरा पुलिस ने कार्रवाई की है। उनसे 15 हजार रुपए जब्त किए हैं। ग्राम कटघरी के पास टिकराभांठा में कुछ लोगों द्वारा जुआं खेलने कि सूचना पुलिस को मिली थी। सूचना मिली पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी संदीप भारद्वाज, कमलेश पाटले और शिवचरण धीवर को जुआ खेलते हुए पकड़ा लिया। उनके खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

## छात्रा से की छेड़खानी आरोपी पकड़ाया

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-चांपा में स्कूली छात्रा से छेड़खानी करने



वाले बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला पंतोर चौकी थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक पीड़ित छात्रा से आरोपी राजा प्रजापति रोज छेड़खानी किया करता था। प्रजापति ने छात्रा को जान से मारने की धमकी भी दी थी। जिसके चलते उसने किसी से इस संबंध में बात नहीं की थी। लेकिन पिछले दिनों आरोपी राजा ने पीड़िता को उसके पिता को भी जान से मारने की धमकी दे दी। इससे घबराकर पीड़िता ने जहर पी लिया। जिसके बाद मामले का खुलासा हुआ। हालांकि पीड़िता अभी खतरे से बाहर है। वहीं पुलिस पूछताछ में आरोपी ने भी जुर्म कबूल कर लिया है।

## मौत व चक्काजाम के बावजूद नहीं सुधरी सड़क की बदहाली



**जांजगीर-चांपा ।** कुछ दृश्यों और घटनाओं को देखकर विश्वास नहीं होता कि हम डिजिटल युग में जी रहे हैं । कुछ दिन पूर्व अकलतरा के पोड़ी दल्हा में कीचड़ भरे खेतों से शव को ले जाने की घटना में आयी थी जिसमें संज्ञान न लिये जाने पर सतनामी समाज ने शव सड़क पर रखकर चक्काजाम भी किया था । ऐसी घटनाएं मन को ह्रदय को विदीर्ण कर देती है ।

बताया जा रहा है की अकलता जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बुची हरदी में आज भूखन लाल देवांगन नामक व्यक्ति की मौत हो गई और दिन भर पानी गिरने की वजह से उसका अंतिम संस्कार किस तरह किया गया वह आप विडियो में देख सकते । गांव में मुक्तिधाम और शेड न होने की वजह से मृतक का अंतिम संस्कार पन्नी तानकर करना पड़ा क्योंकि देवांगन समाज में मृतकों को अग्नि दी जाती है इसलिए जब पानी नहीं रुका तो लोगों ने बड़ी सी पन्नी मंगायी और उसे चारों ओर तानकर खड़े हो गए तब मृतक के पुत्र ने मुखाग्नि दी और शव के जलते तक लोग पन्नी पकड़े खड़े रहे । बताया जा रहा है कि यहां मुक्तिधाम के नाम पर खुला मैदान है न कहीं बैठने की जगह है और न ही पीने के लिए पानी की व्यवस्था है साथ ही मुक्तिधाम जाने के लिए रास्ता भी कीचड़ भरा है जहां से शव ले जाना मुश्किल है । लोगों ने बताया कि ऐसे मौसम में आने जाने के समय कई लोग गिर जाते हैं लेकिन शासन को इसकी सुध ही नहीं है ।

# कुष्ठ रोगियों के लिए वरदान बना सोंठी आश्रम,सिखाया जा रहा आत्म निर्भरता का हुनर

**जांजगीर चांपा।** न हाथ सलामत न पांव, फिर भी हुनर कूट-कूटकर भरा है। 75 से अधिक महिलाओं व पुरुषों के बनाए प्रोडक्ट जिले के कोने-कोने में आसानी से बिक जाता है। इससे न उन्हें सालाना लाखों की आमदनी हो रही है बल्कि उन्हें दर-दर भटकने से मुक्ति मिल गई है। वे न सिर्फ खेती-किसानी का काम कर रहे हैं बल्कि चादर, टाटपट्टी व चाक मिट्टी उत्पादन कर खुद को आत्मनिर्भर बना रहे हैं। हम बात कर रहे हैं यहां का सोंठी स्थित आश्रम की जो मरीजों के लिए वरदान साबित हो रहा है।

यहां के कुष्ठ के मरीज आत्मनिर्भर होने के लिए अपने कंपाउंड में जैविक खाद का भी निर्माण करते हैं। गोशाला में उन्नत किस्म के मवेशी है जिससे दुग्ध उत्पादन होता है, इसे बेचकर भी उनकी अच्छी खासी आमदनी हो जाती है। इसके अलावा यहां की सबसे बड़ी आय का जरिया धान की खेती है। आश्रम के नाम पर यहां तकरीबन 100 एकड़ जमीन है। जिसमें धान की खेती भी की जाती है।

**यह है पुराना इतिहास**

वर्ष 1962 में सदाशिव गोविंद राव कात्रे ने अपने साथी दामोदर गणेश बापट के साथ कुष्ठ के मरीजों के लिए सेवा शुरू की। उन्होंने कुष्ठ रोगियों के भीतर आत्मनिर्भर होने का जज्बा बढ़ाया। तब तक हर मरीज आसपास भिक्षा जीवन यापन करते थे। लेकिन कात्रे व बापट



ने इनके लिए एक छोटा आश्रम बनवाया। आश्रम में एक एक कर देशभर के मरीज आते गए और वर्तमान समय में इस आश्रम में देशभर में अपना नाम कर लिया है। लेकिन बापट के निधन के बाद यहां की रौनक कुछ फीकी पड़ गई है।

**पद्मश्री सम्मान से हुए थे सम्मानित**

सोंठी के कुष्ठ आश्रम की ख्याति दिल्ली तक है। कुष्ठ के मरीजों की सेवा करते हुए दामोदर गणेश बापट ने अपनी पूरी जिंदगी न्योछावर कर दी थी।

इनकी सेवा के बदौलत तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने दामोदर गणेश बापट को पद्मश्री सम्मान से सम्मानित भी किया था। हालांकि अब वे इस दुनिया में नहीं रहे। लेकिन उनके जज्बे को बनाए रखने के लिए यहां तकरीबन 120 कर्मठ लोग सेवा कार्य के लिए जुटे हुए हैं।

## बिलासपुर में 465 नगर सैनिकों की होगी भर्ती

**बिलासपुर।** एक दशक बाद नगर सैनिकों के 465 पदों पर भर्ती होगी। नगर सैनिकों के 200 पद और महिला छात्रावासों में महिला नगर सैनिकों के 265 पद शामिल हैं। इसमें भाग लेने के लिए संभाग के 21 हजार युवाओं ने आवेदन किया है।

जिले के भरनी परसदा स्थित अग्निशमन और एसडीआरएफ मैदान पर 16 सितंबर से 1 अक्टूबर तक भर्ती की प्रकिया पूरी होगी। जिसमें युवाओं को फिजिकल टेस्ट देना होगा। जिसमें युवा पहुंच सकते हैं।

**रोज 1500 प्रतिभागी होंगे शामिल**

अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं के डीआईजी एसके ठाकुर ने बताया कि, प्रतिदिन करीब 1500 उम्मीदवारों की दक्षता परीक्षा मैदान में होगी। दक्षता परीक्षा 100 अंकों की होगी। पुरुष उम्मीदवारों के लिए 100 मीटर दौड़, 800 मीटर दौड़, लम्बी कूद और ऊंची कूद होगी। महिला उम्मीदवारों के लिए 100 मीटर दौड़ को छोड़कर शेष तीनों प्रतियोगिताएं होंगी।

**जिलेवार पदों की संख्या**

नगर सैनिकों के 200 पदों में बिलासपुर जिले के लिए 75 पद, मुंगेली के लिए 25, जीपीएम 25, रायगढ़ 25, कोरबा 25 और जांजगीर 25 शामिल हैं। सभी उम्मीदवारों को कॉल लेटर तिथिवार जारी कर दिया गया है। उन्हें दक्षता परीक्षण के दौरान जाति, निवास प्रमाण पत्र, रोजगार कार्यालय पंजीयन, एनसीसी सी सर्टिफिकेट, हेवी वाहन ड्राइविंग लाइसेंस, संभाग स्तरीय या उच्च स्तर के खेलकूद प्रतियोगिता प्रमाण पत्र साथ लेकर पहुंचना होगा।

**कलेक्टर-एसपी ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा**

कलेक्टर-एसपी ने अधिकारियों के साथ मैदान का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी भी सौंपी। भर्ती मैदान का समतलीकरण, मैदान की घेराबंदी, बैरिकेडिंग, विभिन्न इवेंट के लिए जरूरी व्यवस्था, मेडिकल टीम, पेयजल, कूड़ादान चलित शौचालय, भर्ती मैदान में एवं उसके आस-पास कानून व्यवस्था और यातायात के लिए आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर डीएफओ सत्यदेव शर्मा, जिला पंचायत सीईओ रामप्रसाद चौहान, एसडीएम ज्योति पटेल, जिला कमाण्डेन्ट दीपांकुर नाथ तखतपुर के सीईओ और सहायक कलेक्टर तन्मय खन्ना सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# बिलासपुर में एक दिन में 17.5 इंच बारिश, छाए रहेंगे बादल

**बिलासपुर ।** पिछले 2 दिनों से हो रही बारिश के चलते मौसम सुहाना हो गया है। मंगलवार को दिनभर बारिश होती रही। जिससे तापमान 8 डिग्री गिरकर 26.4 डिग्री पर आ गया। इस साल 9 सितंबर की रात 17.5 इंच बारिश का रिकार्ड बना है। मौसम विभाग ने बुधवार को भी बारिश और बादलों के छाए रहने की संभावना जताई है।

रात भर में 3.3 इंच वर्षा दर्ज की गई। वहीं, मंगलवार की सुबह से ठंडी हवाएं चलती रही और फिर बारिश शुरू हो गई। इस दौरान दिनभर झड़ी जैसी स्थिति बनी रही। जिसके चलते गर्मी और उमस से लोगों ने राहत महसूस की।

**द्रोणिका के प्रभाव से बदला मौसम का मिजाज**

मौसम विज्ञानी डॉ. एचपी चंद्रा के मुताबिक, एक अवदाब उत्तर छत्तीसगढ़ और उससे लगे अंदरूनी ओडिशा के ऊपर स्थित था। पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए उत्तर छत्तीसगढ़ के ऊपर स्थित है। इसके पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए उत्तर छत्तीसगढ़ को पार कर कमजोर होकर



चिन्हित निम्न दाब के क्षेत्र के रूप में छत्तीसगढ़ और उससे लगे पूर्वी मध्य प्रदेश के ऊपर 10 सितंबर को पहुंचा।

मानसून द्रोणिका मध्य समुद्र तल पर बीकानेर, कोटा, गुना, उमरिया, उत्तर छत्तीसगढ में स्थित अवदाब के केंद्र, पुरी और उसके बाद दक्षिण-पूर्व की ओर पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी तक 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके प्रभाव से बिलासपुर में मौसम बदला हुआ है।

**आज भी बारिश की संभावना, छाए रहेंगे बादल**

बिलासपुर समेत प्रदेश में 11 सितंबर को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने या गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात होने की आशंका है। एक- दो दिन में अधिकतम तापमान में वृद्धि होने की संभावना बन रही है।

**इस सीजन की सबसे ज्यादा वर्षा**

वर्षाऋतु में इस साल 9 सितंबर की रात नया रिकार्ड बना है। इस सीजन में एक रात में सर्वाधिक वर्षा दर्ज की गई। शहर में 84 मिलीमीटर पानी यानी 3.3 इंच वर्षा हुई है। जिले में 446 यानी 17.5 इंच वर्षा हुई। सबसे अधिक शहर में बादल बरसे। गरज-चमक के साथ खूब धमाल मचाया। एक जून से अब तक 1037.5 मिलीमीटर वर्षा हो चुकी है जो औसत से अधिक है।

## एमओडी व रेवेन्यू शेयरिंग की नीति साबित होगी घातकः दीपेश मिश्रा

**कोरबा।** नई खनन नीतियों के चलते कोयला उद्योग में 100 फीसदी निजीकरण का नया दौर तेज गति से शुरू हो गया है। इस क्रम में कोल इंडिया ने भी तमाम बंद पड़ी खदानों व दिगर नई खदानों को एमडीओ व रेवेन्यू शेयरिंग की नीति के जरिए बहुराष्ट्रीय और निजी कंपनियों को देने जा रही है।



उक्त कथन एटक कोल फेडरेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपेश मिश्रा ने कही। उन्होंने आगे कहा कि 2019-20 में सरकार ने कोरोना काल की आड़ लेकर कोयला क्षेत्र में सुधार के नाम पर केंद्र कमर्शियल माइनिंग यह कहते हुए लागू किया गया कि देश में कोयला जरुरतों को पूरा करने में कोल इंडिया सक्षम नहीं है। इसी के चलते कमर्शियल माइनिंग का निर्णय लिया गया है। इससे देश में कोयले का उत्पादन बढ़ेगा और विदेशी कोयला के आयात में भारी कमी आएगी। विदेशी पूंजी भी बचेगी जबकि वास्तविकता वैसी नहीं है। आज भी हर वर्ष विदेशी कोयला का आयात दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। श्री मिश्रा ने आगे कहा कि हाल फिलहाल कोल इंडिया ने रिवेन्यू शेयरिंग के जरिये अपनी बंद पड़े खदानों तथा नई खदानों को परिचालन के लिए आगे बढ़ रही है। इसका मतलब कोल इंडिया 100 फीसदी निजीकरण की दिशा में बढ़ रही है, जिसका संयुक्त ट्रेड यूनियन विरोध कर रहे हैं।

**कोल इंडिया नहीं कर पाएगी मुकाबला**

दीपेश मिश्रा का कहना है कि रेवेन्यू शेयरिंग का सबसे आपत्तिजनक पहलू यह है कि जिन खदानों का रेवेन्यू शेयरिंग के तहत परिचालन के लिए विदेशी या निजी कंपनियों को दिया जाएगा। वे कोयला का उत्पादन करने के साथ ही उत्पादित कोयला का रेट भी खुद ही तय करेंगे, जबकि एमडीओ मोड में खनन परिचालन मे कीमतें तय करने वाले अधिकार कोल इंडिया के पास ही रहता है।

रेवेन्यू शेयरिंग के तहत जो भी विदेशी या देशी कंपनियां कोयला खनन करेंगे वे उन्नत टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके कम कीमत पर कोयला का उत्पादन करेगी जिसके चलते कोल इंडिया कोयला बाजार में इन कंपनियों का मुकाबला नहीं कर पाएगी और पूरी तरह तबाह हो जाएगी क्योंकि खुले बाजार में कीमतों के जंग मे कोल इंडिया किसी भी परिस्थिति मे निजी व विदेशी कंपनियों से मुकाबला नहीं कर पाएगी और बर्बाद हो जाएगी।

## अनमोल वचन......

**आत्मविश्वास ही आत्मनिर्भरता का नेतृत्व करता है।**

# अर्थव्यवस्था के मौजूदा स्वरूप

मुख्य आर्थिक सलाहकार ने जिस प्रवृत्ति को लेकर आगाह किया है, उससे निकलने का रास्ता क्या है। आखिर इस मुकाम तक हम पिछले साढ़े तीन दशक में अपनाई गई नीतियों की वजह से पहुंचे हैं। भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने आखिरकार अर्थव्यवस्था के मौजूदा स्वरूप को लेकर वह चेतावनी दी है, जिस पर अर्थ जगत में पहले से चिंता रही है। नागेश्वरन ने अर्थव्यवस्था के वित्तीयकरण में निहित खतरों को लेकर आगाह किया है। उन्होंने देश के वित्तीयकरण के जाल में फंसने की आशंका जताई है। जब शेयर बाजार का सकल पूंजी मूल्य जीडीपी के 140 प्रतिशत तक पहुंच गया हो, तो समझा जा सकता है कि अर्थव्यवस्था किस मुकाम पर है।

नागेश्वरन ने कहा कि वित्तीय क्षेत्र में हो रहे रिकॉर्ड मुनाफे से एक ऐसी परिघटना सामने आई है, जिस पर कड़ी नजर रखनी होगी। उनकी ये बातें खास गौरतलब है। जब बाजार का आकार अर्थव्यवस्था से बड़ा हो जाता है, तब यह स्वाभाविक है कि बाजार के हित और उसकी प्राथमिकताएं सार्वजनिक विमर्श पर हावी हो जाती हैं, हालांकि ऐसा होना तार्किक रूप से जरूरी नहीं है। यहां मैं उस परिघटना का जिक्र कर रहा हूं, जिसे वित्तीयकरण अथवा नीति एवं सकल अर्थव्यवस्था के लाभों पर वित्तीय बाजार के वर्चस्व के रूप में जाना जाता है।' ऐसा होने पर क्या होता है, इसकी चर्चा भी मुख्य आर्थिक सलाहकार ने की है। उनके मुताबिक सार्वजनिक एवं निजी ऋण का अभूतपूर्व ऊंचा स्तर- जिसमें से कुछ ऋण विनियामकों को मालूम है और कुछ नहीं, परिसंपत्तियों की मूल्य वृद्धि पर आर्थिक वृद्धि का निर्भर हो जाना और उसके परिणामस्वरूप गैर-बराबरी में भारी बढ़ोतरी, ये वित्तीय वर्चस्व वाली अर्थव्यवस्था के परिणाम हैं। उन्होंने आगाह किया कि भारत को ऐसे परिणामों से बचने का प्रयास करना चाहिए। नागेश्वरन की ये बातें सोलह आने सच हैं। अर्थव्यवस्था के यह रूप लेने के दुष्परिणाम आज कभी औद्योगिक शक्ति से दुनिया पर अपना दबदबा बनाने वाले विकसित देश भी झेल रहे हैं। मगर सवाल है कि मुख्य आर्थिक सलाहकार ने जिस प्रवृत्ति को लेकर आगाह किया है, उससे निकलने का रास्ता क्या है। आखिर इस मुकाम तक हम पिछले साढ़े तीन दशक में अपनाई गई नीतियों की वजह से पहुंचे हैं। क्या नागश्वेरन जिस सरकार से जुड़े हैं, उसमें ये दिशा बदलने का बौद्धिक साहस और माद्दा मौजूद है।

## राशिफल

**मेष राशिः** आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज परिवार के साथ समय बितायेंगे। इससे घर में खुशियों का माहौल बनेगा। आज आपकी कड़ी मेहनत से आसपास के लोग प्रभावित होंगे और आपका अनुसरण करेंगे। आज रोज की अपेक्षा व्यापार में अच्छा मुनाफा होगा। आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत रहेगा।

**वृष राशिः** आज के दिन भाग्य आपका पूरा साथ देगा। अगर आप नयी जमीन लेने का प्लान बना रहे हैं तो घर के बड़ों की राय जरूर लें। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन संतोषजनक रहेगा कुछ नया सीखने को मिलेगा। आप जीवनसाथी से अपने दिल की बात शेयर करेंगे। इससे रिश्ते में मधुरता बनेगी। शाम को परिवार के साथ किसी जरूरी मामले पर बात होगी जहां आप खुलकर अपनी राय रखेंगे, आपकी राय को अहमियत मिलेगी।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। आज आपको किसी बुजुर्ग की सेवा का अवसर मिलेगा, इसे आप सौभाग्य के रूप में समझे। आज आप हर तरह के काम निपटाने के लिए तैयार रहेंगे। आपको सोचे हुए कामों से फायदा हो सकता है। कोशिश करेंगे तो आपको सफलता मिल सकती है। अपनी स्थिति और योग्यता के हिसाब से ही काम करेंगे।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन आपके लिए नई खुशियां लाया है। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है समाज हित में किये गये कामों की तारीफ हो सकती है। आज आपको उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर पॉजीटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। आज आपको रोजगार में नई उपलब्धि मिलने के योग हैं। घरेलू जरूरत की चीजों की खरीददारी करेंगे आपका लेन-देन भी तेज हो सकता है। कोई भरोसेमंद और खास व्यक्ति आपको हर्ट कर सकता है।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है जिन्हे आप बखूबी निभायेंगे। आप जिस काम को करने का प्रयास करेंगे, उस काम में आपको कामयाबी मिलेगी। आज आपको मेहनत का फल मिलेगा इससे आपका हौसला बढ़ेगा। आज किसी काम को पूरा करने के लिए आस-पास के कई लोग आपको सलाह देगें ,इससे गलती से भी आप सुरक्षित रहेगें।

**कन्या राशिः** का दिन सामान्य रहेगा। आज आपके सामने चुनौतियां भी आएंगी आप इनका डटकर मुकाबला करेंगे सफलता हासिल होगी। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन थोड़ा सामान्य रहेगा। करियर संबंधी चुनाव आपको थोड़ी परेशानी में डाल सकता है लेकिन सही पॉइन्ट का चुनाव करना बेहतर रहेगा। माता पिता से आशीर्वाद लेने से आपकी सभी परेशानियों से राहत मिल जाएगी। आपकी सेहत अच्छी रहेगी।

**तुला राशिः** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। इस राशि की महिलाएं जो कोई बिजनेस करने की सोच रही है उनके लिए आज का दिन अच्छा है। किसी भी काम को करने में जल्दबाजी न करें ,अन्यथा वह काम दोबारा करना पड़ सकता है। अपने बिजी शेड्यूल से थोड़ा समय ईश्वर की आराधना के लिए निकालने से आपका मन शांत रहेगा।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन सामान्य रहेगा। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फायदा देने वाला है। करियर में उतार-चढ़ाव से आप परेशान हो सकते हैं लेकिन किसी अनुभवी सीनियर्स की मदद से आपको थोड़ी राहत मिलेगी। आज घर में बच्चों के साथ आपका अच्छा टाइम बितेगा। माता पिता बच्चों को कोई अच्छी सलाह भी दे सकते है। छात्रो को आज ऑनलाइन कुछ नया सीखने को मिलेगा। व्यापार को आगे बढाने में पिता का सहयोग आपको मिलेगा। आप घर के सदस्यों की इच्छाओं को समझने की कोशिश में रहेंगे और उनके लिए खरीदादरी करने का मन बनायेंगे।

**धनु राशिः** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। नौकरी कर रहे लोगों को आज पदोन्नती के अवसर मिलेंगे। ऑफिस में अच्छे परफोर्मेंस के लिए आपको सम्मानित किया जा सकता है। आज आपके तय किए काम समय से पूरे होते हुए नजर आयेंगे। साथ ही कुछ काम वक्त से पहले पूरे करने की वजह से खुद के लिए खुशी मिलेगी। दोस्ती में चल रही अनबन को ख़त्म करने के लिए आप दोस्ती का हाथ बढ़ा सकते हैं।

**मकर राशिः** आज का दिन आज ठीक - ठाक रहेगा। इस राशि की महिलाओं के लिए आज का दिन बहुत ही खास है। आप दिन का अधिक समय शॉपिंग में बिता सकती हैं। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को आज किसी कम्पनी से मेल आ सकती है। दांपत्य जीवन में आज मधुरता बनी रहेगी। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है।

**कुंभ राशिः** आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। लोगों के विचार और आपके बारे में बोली गई बातों के कारण आप मन ही मन परेशान हो सकते हैं। इस राशि के स्टूडेंट आज अपनी पढ़ाई को लेकर उत्साहित होंगे और ज्यादा समय पढ़ाई में बीतेगा, यह देखकर आपके घरवालों को भी खुशी होगी।

**मीन राशिः** आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। आज कोई बुजुर्ग या वरिष्ठ व्यक्ति आपको सही सलाह दे सकता है। आज आपको पुरानी बातें भी याद आ सकती हैं। आज व्यापारिक मामलों में आपकी व्यस्तता बढ़ेगी। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से सामान्य होगी। दांपत्य जीवन में आपसी तालमेल बना रहेगा। अपनी गलतियों से सीखकर आगे बढ़ने की प्रेरणा आपको मिलेगी। किसी दूसरों की नक़ल न करें अपने आप पर विश्वास करें। इस राशि के

# सरकारी धन का दुरुपयोग सच्चे शिक्षक को क्षोभ

शंकर शरण

**एक नेता ने तैश से कहाः आप ने इतनी पुस्तकें प्रकाशित की हैं। मगर उस में काम की कितनी हैं। सरकारी धन का ऐसा दुरुपयोग! उन का अंदाज देख हर सच्चे शिक्षक को क्षोभ होगा।ज्कभी एक नेता ने ताना दियाः देश की एकता के लिए साहित्यकारों ने क्या किया है।' इस पर वात्स्यायन जी ने कहा थाः देश की एकता छिन्न-भिन्न करने के लिए नेताओं ने क्या नहीं किया है।' आज के नेताओं से वही पूछने की जरूरत है कि शिक्षा में कूड़ा-कचरा, प्रोपेगंडा जमाने के लिए उन्होंने क्या नहीं किया है!**

कुछ पहले एक ऐतिहासिक अकादमिक संस्थान में भाषण देते हुए एक नेता ने तैश से कहाः आप ने इतनी पुस्तकें प्रकाशित की हैं। मगर उस में काम की कितनी हैं? सरकारी धन का ऐसा दुरुपयोग! उन का अंदाज देख हर सच्चे शिक्षक को क्षोभ होगा। क्योंकि स्वतंत्र भारत में नेताओं, दलों ने ही राजकीय संसाधनों का अतुलनीय दोहन किया है। इसे सभी दलों के कार्यकर्ता मामूली अगर-मगर से मानते हैं। बल्कि, उन में अंदरूनी मार-पेंच तक उसी दोहन में हिस्से-बखरे की है।

दूसरे, उन नेता की अपनी बिरादरी ने ही अकादमिक संस्थाओं को क्रमशः तेजी से स्तरहीन, और बदहाल बनाया है। अनूठी संस्थाओं को भी बेसिर रख कर बरसों-बरस अपने हाल पर छोड़ दिया है। ऐसा व्यवहार अंग्रेज प्रशासक कभी नहीं करते थे!

सोचिए, जो अपने लिए एक और भाषण-भवन फौरन बनवा लेते हैं, वे देश के अनूठे ऐतिहासिक संस्थानों को छीजने छोड़ देते हैं। मानो मरम्मत हो या न, वह रहे या गिरे, बला से! यह कोई अपवाद नहीं। वस्तुतः शिक्षा-संस्कृति से ही जुड़े स्थानों, कामों पर एकाधिकार कर जैसै-तैसे करना, न करना, या उन की मिट्टी पलीद होने देना - यह नेताओं की एक संकीर्ण बिरादरी का सिग्नेचर व्यवहार रहा है।

लेकिन यह तो छोटे पाप हैं! जिस में सभी दल शामिल हैं। नेताओं का सब से बड़ा अपराध हैः शिक्षा को राजनीतिक कीचड़ से लिथेड़ देना। संस्थानों को दलीय। राजनीति और हिस्से-बखरे के अड्डे बना देना। उन की स्वायत्तता और आत्मा नष्ट करते जाना। विद्वानों को अपदस्थ करते हुए संस्थाओं को एक्टिविस्ट और क्लर्क जैसे लोगों से भर देना। शिक्षकों, विद्यार्थियों को नेताओं, उन के एजेंटों, ठेकेदारों के अज्ञान और क्षुद्र मंसूबों से चलाना। नेताओं के चित्र-विचित्र भाषण न केवल शिक्षकों को जबरन सुनाना, बल्कि छात्रों तक भी पहुँचाने का दबाव रखना! अनर्गल नारों, चालू घटनाओं, मुहावरों पर सेमिनार, प्रदर्शनी करने का हुक्म देना। उस पर करोड़ों रूपयों और हजारों लोगों के समय व ऊर्जा की बरबादी कर, वही सब शैक्षिक' क्रियाकलाप मानने का चलन बनाना। अर्थात नकली, व्यर्थ कामों से समाज को मानसिक दुर्बल, भ्रष्ट, और लाचार बना देना। चाहे उन्हें इस का बोध हो या नहीं।

सो, जब जिस दल गुट का दौर-दौरा, उस की ऊल-जुलूल बातों, घोषणाओं को शिक्षकों, छात्रों के गले उतारना। इस तरह, पूरी की पूरी पीढियों के स्वच्छ, विश्वासी माथे में महान साहित्य, ज्ञान, और सदविचारों के बदले विषैली दलबंदी, विभाजक ईर्ष्या-द्वेष, और फूहड़ प्रोपेगंडा उतारना।

यह स्वतंत्र भारत में आरंभ से ही चला। क्रमशः कुरूपतर होता। फलतः आज लाखों-लाख शिक्षितों में तथ्य और राय, फैक्ट या ओपीनियन में अंतर कर सकने की समझ नहीं। बचपन से ही तरह-तरह से नेताओं की नियमित पूजा देखते-सुनते सत्य और प्रोपेगंडा में अंतर करने की उन की क्षमता लुप्तप्राय हो चुकी है।

देश के जनगण पर ऐसा मानसिक घात देसी नेताओं का किया हुआ है। अंग्रेजों ने तो दुनिया भर के सर्वश्रेष्ठ साहित्य और सच्चे विद्वानों, शिक्षकों से हमारी शिक्षा को पोषित किया था। उसी को हर तरह से प्रोत्साहित किया था। यह हमारे देसी नेता थे, जिन्होंने अपने-आप को, रोज बात बदलने वाले नेताओं को मनीषियों से ऊपर रखने की समाजघाती रीति बनाई। अल्पज्ञ नेताओं के मामूली भाषणों, रोजमर्रा टिप्पणियों को मँहगी जिल्दों में प्रकाशित कर विशेष ज्ञान सामग्री के रूप में स्थापित कराया! जबकि अंग्रेज ऐसा फूहड़ काम, अपने वायसराय या प्रधानमंत्री के भाषणों, आदि का संग्रह बनाते तक नहीं थे - थोपना तो दूर रहा! उन्होंने भारत में अनेक शानदार पुस्तकालय बनाए, जिन में दुनिया भर के ज्ञान-ग्रंथ लाकर रखे। उन्नीसवीं और बीसवीं सदी के पूर्वार्द्ध तक भारतीय विद्यार्थियों की कई पीढ़ियों ने उस से लाभ उठाया। उस से ही यहाँ अनेक महान चिंतक, वैज्ञानिक, कवि, विद्वान, आदि बने जिन का दुनिया में नाम हुआ। इस के विपरीत, स्वतंत्र भारत के शासकों ने अपने भाषण, उपदेश, चिट्ठियों, आदि के कलेक्टेड वर्क्स' को पुस्तकालयों में विशिष्ट स्थान दिया! देश-विदेश के महान दार्शनिकों, कवियों, लेखकों की सर्वोत्तम रचनाओं की कोई सुंदर जिल्द उपलब्ध कराने में उन की कभी कोई रुचि न थी। यह उन की बुद्धि से ही परे रहा कि यह भी कोई कर्तव्य हो सकता है!

आज स्थिति और बदतर हो रही। अब कथित नीतिगत दस्तावेज तक छापे नहीं जाते। लेकिन नेताई भाषणों की सालाना मोटी-मोटी जिल्दें बाकायदा छपती हैं। किन के लिए। अल्लाह जानता है! यह सार्वजनिक धन का सब से फूहड़, लज्जाजनक दुरुपयोग है, जिसे भाषणबाज लोग समझने में भी असमर्थ हैं।

इस तरह, शिक्षा का एकाधिकार लेकर नेताओं ने सब से मूल्यवान ज्ञान-सामग्री ही बच्चों, युवाओं तक पहुँचाना जरूरी न समझा। जो इसी आयु वर्ग के लिए स्वच्छ वायु और शुद्ध जल जैसा आवश्यक है! पर नेता अपने सीमित शब्दजाल और मन की तरंग को ही असल साहित्य समझने के आदी हैं। यह गाँधीजी से आरंभ हुआ, और आदर्श उदाहरण सा सब ने अपना लिया है। दुनिया के किसी अग्रणी देश में ऐसा नहीं है।

फलतः आज देश की सर्वोच्च विचार सभा - जो परिभाषा से ही विचारकों, नीतिज्ञों का स्थान था - उस की कौन कहे, उच्चतम शैक्षिक-सांस्कृतिक संस्थानों में भी चिंतकों, ज्ञानियों को स्थान/अधिकार देने का चलन लुप्तप्राय हो गया है। सामाजिक मानविकी विषयों की पाठ्य-सामग्री मुख्यतः राजनीतिक मतवादों का प्रचार बन गई है। फलतः अब सच्चे लेखक और विद्वान की भूमिका नगण्य हो गई है। देश में साहित्यिक, वैचारिक पत्र-पत्रिकाओं की क्रमशः अवनति और निःशब्द लोप की दिशा भी उसी का परिणाम व प्रमाण है। यह अवनति चिन्तनीय भी नहीं! अब विकसित देश बन जाने का आसान नुस्खा आ गया है। नारे लगाइए, कीचड़ उछालिए, शेखी बघारिए, झूठ फैलाइए, और विश्वगुरु बन जाइए!

अतः शैक्षिक संस्थानों को दलबंदी के अड्डे बनाने, नेताओं को मनीषियों से ऊपर मानने, उन की बातों को समाज का दिशा-निर्देशक बताने, और अकादमिक क्षेत्र को लगुओं मुंशियों के हवाले करते जाने में एक तारतम्य है। किसी मामूली नेता द्वारा विशिष्ट अकादमिक संस्थान पर तानाकशी उसी का उदाहरण है।

आरंभिक नेताओं ने शैक्षिक योजनाओं और संस्थाओं में अपने हमख्यालों को प्रश्रय दिया। दूसरों ने अपनी चालीसा' लिखने वालों और नेटवर्किंग धंधेबाजों को बढ़ाया। सच्चे विद्वान, लेखक, कवि, आदि, जो वैसे ही बहुत कम होते हैं, उन का स्थान क्रमशः खत्म हो गया। यद्यपि स्कूल-कॉलेज व्यवसाय के रूप में चल और फैल। रहे हैं। डिग्री-डिप्लोमा भी बँट रहे हैं। तकनीकी विषयों में युवा तैयार होकर काम-धाम भी कर रहे हैं। पर यह सब भी निजी अध्यवसाय से अधिक हुआ। स्कूलों-विश्वविद्यालयों से अधिक महत्व अनायास कोचिंग-सेंटरों का हो जाना इसी का संकेत है। किस शिक्षा नीति' ने ऐसा लक्ष्य रखा था? यदि नहीं रखा था, तो यह कैसे हुआ।

आज देश में ज्ञान-विवेक, चिंतन-मनन और साहित्य का मैदान सूना हो रहा है। यह हमारे बौद्धिक दिवालियेपन का संकेत है कि आज भी रोज लॉर्ड मैकॉले को कोसने वाले सोचने की क्षमता नहीं रखते कि गत 77 सालों से हमारी नीति किस ने बनाई! क्या स्वतंत्र भारत की नीतियाँ अनाम कबन्ध बनाते रहे हैं।

गाली देने के लिए मैकॉले, और जयकारे के लिए ऐसे-ऐसे नेता जो टीवी पर कहते हैं कि अमुक दस्तावेज उन्होंने अभी पढ़ा नहीं', पर उस से भारत विश्वगुरु बन जाएगा! यह है अपने नारों से अपना माथा चकरा लेना। तभी मामूली नेता भी विद्वान से हिसाब माँगते हैं कि उन की पुस्तकों में काम की कितनी हैं।'एक बार वात्स्यायन जी (अज्ञेय) ने ऐसे कटाक्ष का उत्तर दिया था। तब नेताओं का नारा था राष्ट्रीय एकता'। इसी से वे अपनी झक, और तरह-तरह की सतही, मिलावटी सामग्री शिक्षा में थोपते रहते थे। तो, कभी एक नेता ने ताना दियाः देश की एकता के लिए साहित्यकारों ने क्या किया है।' इस पर वात्स्यायन जी ने कहा थाः देश की एकता छिन्न-भिन्न करने के लिए नेताओं ने क्या नहीं किया है।'आज के नेताओं से वही पूछने की जरूरत है कि शिक्षा में कूड़ा-कचरा, प्रोपेगंडा जमाने के लिए उन्होंने क्या नहीं किया है!

# जम्मू-कश्मीर पर रक्षामंत्री का दूरगामी सन्देश

//ललित गर्ग //

**विधानसभा चुनाव की सरगर्मियों के बीच राजनाथ सिंह ने कहा कि हम गुलाम कश्मीर पर अपना दावा कभी नही छोड़ेंगे। वैसे भी गुलाम कश्मीर के लोग हमारे ही लोग है, उन्हें पाकिस्तान ने कभी अपना माना ही नहीं है। राजनाथ सिंह का गुलाम कश्मीर के लोगों को संदेश पाकिस्तान के ताबूत में आखिरी कील की तरह है।**

जम्मू-कश्मीर में चुनाव प्रचार को एक नई करवट देते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ऐसी बातें कहीं है जो घाटी के लोगों के दिलों को छूने वाली होने के साथ प्रांत में नई उम्मीदों के नये दौर का आगाज है एवं गुलाम कश्मीर के लोगों के प्रति सहानुभूति एवं आत्मीयता दर्शाने वाली है। एक दिन पहले करगिल युद्ध को लेकर पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर ने वो बात कुबूल कर ली, जो अब तक सारे पाकिस्तानी जनरल पूरी दुनिया से छिपाते रहे। आसिम मुनीर ने साफ-साफ कहा कि कारगिल जंग में पाकिस्तानी सेना का हाथ था। उनके सैनिकों ने शहादत दी है। इसके अगले ही दिन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का जम्मू-कश्मीर की धरती से ये ऐलान कि अगर पाकिस्तान आतंक छोड़ दे तो उसके साथ बातचीत हो सकती है। यह बयान बहुत कुछ कहता है एवं इसके कई दूरगामी राजनीतिक दृष्टिकोण है। पाकिस्तान समझ चुका है कि कश्मीर में अब उसका कुछ नहीं बचा। रही सही कसर, जम्मू-कश्मीर में हो रहे चुनावों में लोगों की जोरदार भागीदारी ने पूरी कर दी। उसकी सारी उम्मीदों पर पानी फिरता दिख रहा है, ऐसे में वह हकीकत स्वीकार करता नजर आ रहा है। रक्षामंत्री की कही बातों में पाकिस्तान सरकार को सीधा सन्देश दिया गया है। निश्चित ही राजनाथ सिंह के बयान एक अनुभवी एवं कद्दावर नेता के रणनीतिक एवं दूरगामी सोच से जुड़े बयान है, जिनकी प्रतिक्रिया दोनों ही देशों में होने के साथ ही चुनाव में हिस्सेदारी कर रहे राजनीतिक दलों में सुगबुगाहट का बड़ा कारण बना है। कश्मीर में विकास, पर्यटन में भारी वृद्धि, शांति एवं सौहार्द का वातावरण बनना गुलाम कश्मीर के लोगों को प्रेरित कर रही हैं कि उन्हें भी इस ओर आजाद फिजा में सांस लेने का मौका मिले। ऐसे में रक्षामंत्री ने उन्हें भारत का हिस्सा बनने का निमंत्रण देकर पड़ोसी देश की दुखती रग को छेड़ दिया है एवं पाकिस्तान की नींद उड़ा दी है, बल्कि गुलाम कश्मीर के लोगों में भी नया विश्वास एवं मनोबल जगा दिया है। रक्षामंत्री का यह निमंत्रण बहुत मायने रखता है, इससे पहले गृहमंत्री अमित शाह ने भी कहा था कि गुलाम कश्मीर हमारा है एवं हम इसे लेकर रहेंगे। गुलाम कश्मीर के लोग भारत से मिलने के लिये उत्सुक है, आन्दोलनरत है। क्योंकि पाकिस्तानी शासक उन्हें विदेशियों की तरह देखते हैं। यह एक सच्चाई भी है। पाकिस्तान अपने कब्जे वाले कश्मीर के लोगों का जैसा दमन और शोषण कर रहा है, उसके कई प्रमाण सामने आ चुके हैं। इसी दमन और शोषण के चलते जब-तब वहां पाकिस्तान के खिलाफ सड़कों पर उतरकर लोग भारत जाने की अनुमति भी मांगते रहते हैं। गुलाम कश्मीर में आंदोलन का नेतृत्व कर रहे लोगों को मारा जा रहा है। वहां के लोग यह अच्छी तरह देख रहे हैं कि भारतीय भूभाग में किस तरह तेजी से विकास हो रहा है और उन्हें किस तरह पाकिस्तान की ओर से ठगा जाता रहा है। कहना कठिन है कि रक्षा मंत्री के बयान पर पाकिस्तान क्या कहता है, लेकिन इसके आसार कम ही हैं कि वह आतंकवाद को सहयोग-समर्थन देने से बाज आएगा। पाकिस्तान की दमनकारी नीतियों के खिलाफ आंदोलन कर रहे इस चुनाव पर सिर्फ भारतीयों नहीं, पूरी दुनिया की नजर है। विधानसभा चुनाव की सरगर्मियों के बीच राजनाथ सिंह ने कहा कि हम गुलाम कश्मीर पर अपना दावा कभी नही छोड़ेंगे। वैसे भी गुलाम कश्मीर के लोग हमारे ही लोग है, उन्हें पाकिस्तान ने कभी अपना माना ही नहीं है। राजनाथ सिंह का गुलाम कश्मीर के लोगों को संदेश पाकिस्तान के ताबूत में आखिरी कील की तरह है।

रक्षा मंत्री ने अपने वक्तव्य के जरिये चुनाव के परिदृश्यों को एक नया मोड़ दिया है। उन्होंने नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीडीपी और कांग्रेस को भी निशाने पर लिया। उनके लिए ऐसा करना इसलिए आवश्यक हो गया था, क्योंकि नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी के नेता पाकिस्तानपरस्ती का परिचय देते हुए उससे बात करने पर जोर दे रहे हैं, लेकिन ऐसा करते हुए वे यह रेखांकित नहीं करते कि वार्ता के लिए उसे आतंकवाद पर लगाम लगानी होगी। नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी कश्मीर के लोगों को अनुच्छेद-370 की वापसी का भी सपना दिखा रहे हैं। यह दिवास्वप्न के अलावा और कुछ नहीं, क्योंकि अब इस विभाजनकारी और अलगाववाद को बढ़ावा देने वाले अनुच्छेद की वापसी संभव नहीं और इसीलिए रामबन में राजनाथ सिंह ने कहा, भाजपा ने डंके की चोट पर अनुच्छेद 370 हटाकर जम्मू-कश्मीर में शांति और समृद्धि का रास्ता बनाया है। किसी माई के लाल में हिम्मत नहीं कि वह इस अनुच्छेद को वापस ला सके। ऐसा कहते हुए उन्होंने कांग्रेस को भी निशाने पर लिया, जो कि नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही है और अनुच्छेद-370 की वापसी के उसके वादे पर मौन धारण किए हुए है। पाकिस्तान एवं घाटी के विभिन्न राजनीतिक दल बार-बार अनुच्छेद 370 का जिक्र कर दुनिया के सामने यह गीत गाते रहे हैं कि 370 हटने से कश्मीर के लोग नाराज हैं। इस झूठ को खुलासा स्वयं कश्मीर की जनता ने लोकसभा चुनाव में वोटिंग के जरिये किया है। घाटी में चुनाव में हिस्सेदारी कर रहे हैं राजनीतिक दल पाकिस्तानी राग अलापते रहे हैं। उमर अब्दुल्ला इस वक्त अफ़ज़ल को दी गयी फांसी के विवाद में घिर चुके हैं। उन्होंने कह दिया कि अफ़ज़ल को फाँसी देना गलत था। चूँकि अफ़ज़ल संसद पर हमले का ज़िम्मेदार था, उसकी तरफदारी करके नेशनल कॉन्फ्रेंस स्पष्ट रूप से जता रही है कि वह आतंकवादियों से मिली हुई है या उनकी तरफ़दारी कर रही है और कांग्रेस उसकी साथी है। इन स्थितियों में कांग्रेस को यह स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वह नेशनल कॉन्फ्रेंस के घोषणापत्र में किए गए वादों से सहमत है। उसे यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वह उमर अब्दुल्ला के इस आकलन से सहमत है कि संसद पर हमले की साजिश रचने वाले अफजल गुरु को फांसी की सजा देने से कुछ हासिल नहीं हुआ। यह अलगाववाद और आतंकवाद के दौर की वापसी के समर्थकों की हमदर्दी हासिल करने वाला ही बयान है और इसीलिए राजनाथ सिंह ने उन पर कटाक्ष किया कि अफजल को फांसी न दी जाती तो क्या उसके गले में हार डाले जाते। यह विडंबना ही है कि कांग्रेस उमर अब्दुल्ला के इस बयान पर भी चुप्पी साधे है, जबकि उसे फांसी की सजा मनमोहन सिंह सरकार के समय ही दी गई थी। ऐसे में कश्मीर के लोगों को तय करना होगा कि वे देश प्रेमियों के साथ हैं या देशद्रोहियों के साथ। बहरहाल, धारा 370 हटने के बाद यहाँ पहली बार हुए लोकसभा चुनाव में पचास प्रतिशत से ऊपर मतदान हुआ था जो अच्छा संकेत है। वर्ना इससे पहले तो तीस प्रतिशत मतदान को भी अच्छा समझा जाता रहा।

## तस्वीरों की दुनिया



भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद नई दिल्ली स्थित भाजपा कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए।



केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने नई दिल्ली के नॉर्थ ब्लॉक में फिनलैंड की संसद की वाणिज्य समिति के साथ बैठक की सह-अध्यक्षता की।



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आई4सी के प्रथम स्थापना दिवस समारोह के दौरान साइबर अपराध की रोकथाम के लिए प्रमुख पहलों की शुरुआत की।



केंद्रीय संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने नई दिल्ली में नॉर्वे की विदेश मामलों और रक्षा संबंधी स्थायी समिति के सदस्यों के साथ मुलाकात की।



आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल वित्तीय अनियमितता मामले में पूर्व प्रिंसिपल डॉ संदीप घोष को 23 सितंबर तक न्यायिक हिरासत में भेजने के बाद सीबीआई की विशेष अदालत से ले जाया जा रहा है।



पटना रेलवे स्टेशन पर ट्रायल रन के दौरान वंदे भारत एक्सप्रेस।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (एएनआरएफ) की पहली आम बोर्ड बैठक की अध्यक्षता की।

# रांची में नदी किनारे चार युवकों के शवों मिलने से मचा हड़कंप, घरवालों ने लगाया पीटकर मार डालने का आरोप

रांची, 11 सितम्बर [एजेंसी]।

बीआईटी इलाके में रकोटी नदी के किनारे से पुलिस ने मंगलवार की देर रात बजे एक साथ चार युवकों के शवों को बरामद किया। मृत युवकों में शाहिद नुरूहुल्लाह, मकसूद अंसारी, शोएब अंसारी और आशिफ अंसारी शामिल हैं। इन चारों युवकों में एक के दोनों हाथ कपड़े से बंधे हुए थे, इसे लेकर पुलिस भी चारों युवकों हत्या की आशंका जता रही है। एक अन्य युवक के बाल और टीशर्ट जले थे। इसलिए पुलिस गहनता से हर बिंदु की छानबीन कर रही है। सूचना मिलते ही स्वजनों ने भी थाना के समक्ष हंगामा करते हुए चारों युवकों की पीट-पीटकर हत्या का आरोप लगाया है। घटना की सूचना पर स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ थाने पहुंच गई। उग्र भीड़ शवों को पोस्‌ मार्टम के लिए रिम्‌ भेजने को तैयार नहीं थी।कुछ देर हंगामा करने के बाद पुलिस ने उन्हें शांत कराया और तब जाकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा गया। वहां शवों का पोस्टमार्टम बुधवार को होगा। मृत युवकों में से तीन चेते गांव के निवासी थे, जबकि एक अन्य युवक नेवरी का रहने वाला था। पुलिस अधिकारियों के अनुसार उन्हें सूचना मिली कि चारों युवक देर शाम तक घर नहीं पहुंचे हैं। वे मछली मारने नदी की ओर गए थे।पुलिस ने युवकों का मोबाइल लोकेशन खंगाला तो नदी किनारे का मिला। लोकेशन के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची तो चारों युवकों के शव बरामद हो गए। चारों युवकों के घरवालों का कहना है कि उनकी हत्या की गई है। पुलिस यह भी आशंका जता रही है कि बिजली गिरने से भी युवकों की मौत हो सकती है। पुलिस हत्या व बिजली गिरने दोनों बिंदुओं पर जांच कर रही है। सूचना मिलने पर ग्रामीणों व घरवालों ने मिलकर थाना का घेराव किया और जमकर हंगामा किया। घरवालों का कहना था कि नदी किनारे युवकों को पीट पीट कर मार डाला गया और पुलिस को इसकी भनक तक नहीं



लगी। घरवालों ने जमकर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। उग्र लोगों ने सड़क जाम करने का भी प्रयास किया लेकिन पुलिस ने उन्हें समझा बुझा कर शांत करा दिया। मृतकों के घरवालों ने थाना को लिखित दिया है कि चारों युवकों की पीट पीट कर हत्या हुई है।

पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है ताकि घटना के बारे में और जानकारी मिल सके।पुलिस का कहना है कि चारों युवक अक्सर नदी किनारे मछली मारने जाते थे। इसकी जानकारी घरवालों को भी रहती थी। लेकिन मंगलवार की रात ऐसी घटना हो गई इसपर कोई कुछ स्पष्ट नहीं कर रहा है। पुलिस चारों युवकों के दोस्तों से भी पूछताछ कर ही है। चारों युवकों का मोबाइल डिटेल खंगाला जा रहा है ताकि पुलिस को इस मामले में कुछ सुराग मिल पाए। एक युवक का हाथ सामने की ओर से बांधा हुआ था। एक युवक का बाल और टीशर्ट जला हुआ था। वज्रपात से युवकों की मौत होने की बात सामने आ रही है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। बीआईटी थानेदार को आदेश दिया गया है कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जाए।

# कामकाजी महिलाओं की टेंशन होगी दूर, निजी उद्योगों के साथ मिल कर क्रेच खोलेगी सरकार



नईदिल्ली, 11 सितम्बर [एजेंसी]।

केंद्र सरकार ने छोटे बच्चों वाली कामकाजी महिलाओं की सहूलियत के लिए बजट में निजी उद्योगों के साथ मिल कर क्रेच खोलने की घोषणा को अब आकार देने की शुरूआत कर दी है। महिला बाल विकाल मंत्रालय ने क्रेचों के संचालन और प्रबंधन के लिए नेशनल मिनिमम स्टैंडर्ड प्रोटोकाल जारी किये हैं इसके अलावा सार्वजनिक और निजी साझेदारी के साथ क्रेचों की स्थापना पर विविध दृष्टिकोण एकत्रित करने के लिए उद्योग संगठनों और विभिन्न एजेसिंयों के साथ बैठकें भी हो रही हैं।अगले पांच वर्षों में दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने का संकल्प लेकर चल रही मोदी सरकार का जोर वोमेन लेड डेवलपमेट पर है, जिसके लिए कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की जरूरत है। कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी तभी बढ़ेगी जब उनकी और उनके बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो। कामकाजी महिलाएं हमेशा बच्चों की देखभाल और सुरक्षा को लेकर चिंतित रहती हैं इसी चीज को महसूस करते हुए सरकार ने बजट में निजी उद्योगों के साथ मिलकर क्रेच योजना शुरू करने की घोषणा की थी। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने जागरण को खास बातचीत में बताया कि इस दिशा में काम हो रहा है।

मंत्रालय ने क्रेचों के लिए नेशनल मिनिमम स्टैंडर्ड एंड प्रोटोकाल (संचालन और प्रबंधन) जारी किया है। इसका उद्देश्य व्यक्तिगत सेवा एजेंसियों, संस्थाओं, कंपनियों, विश्वविद्यालयों, अस्पतालों, देखभाल सेवा प्रदाताओं, सरकारी संगठनों, गैर सरकारी संगठनों आदि द्वारा क्रेच स्थापित करने के लिए मार्गदर्शन करना है। सार्वजनिक और निजी साझेदारी के साथ क्रेचों की स्थापना पर विविध दृष्टिकोण एकत्र करने के लिए गत छह जून को सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों के साथ ही मोबाइल क्रेच, विश्व बैंक, यूएनडीपी इंडिया, यूएन वोमेन, यूनीसेफ जैसी यूएन एजेंसियों और उद्योग चैंबर जैसे फिक्की, पीएचडीसीसीआई, सीसीआई और एसोचेम के विभिन्न अधिकारियों के साथ एक स्टेक होल्डर परामर्श आयोजित किया गया था। इस तरह की बैठकों का आयोजन लगातार हो रहा है ताकि निजी कंपनियों को पाठ्यक्रम ढांचा विकसित करने और विभिन्न संगठनों को उद्योग भागीदारों द्वारा लागू किये गए सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।

# सीबीआई ने रिश्वतखोरी मामले में बड़ी कार्रवाई, सीमा शुल्क उपायुक्त को किया गिरफ्तार, कई ठिकानों पर छापेमारी




नईदिल्ली, 11 सितम्बर [एजेंसी]।

सीबीआई ने आयात के एक खेप को सीमा शुल्क संबंधी अनापत्ति देने के बदले में रिश्वत लेने को लेकर एक सीमा शुल्क उपायुक्त और उनके दो सहयोगियों को अन्य लोगों के साथ गिरफ्तार किया है।एक अधिकारी ने बताया कि सीबीआई ने इनलैंड कंटेनर डिपो (आईसीडी-तुगलकाबाद) के उपायुक्त ओम प्रकाश बिष्ट, अधीक्षक अमित कुमार, चतुर्थ वर्गीय कर्मी बिजेंद्र कुमार, कस्टम हाउस एजेंट अशोक यादव और उसके कर्मी रविकांत मिश्रा को गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने सात लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। यह प्राथमिकी इन आरोपों पर आधारित है कि सीमा शुल्क अधिकारी मुंबई की कंपनी राधा मार्केटिंग पर जुर्माना कम करने के लिए अशोक यादव से रिश्वत ले रहे थे। अधिकारी के अनुसार, गिरफ्तार किए गए आरोपित खेपों को सीमा शुल्क अनापत्ति प्रदान करने के लिए आपस में नियमित संपर्क में थे और वे विभिन्न निजी पक्षों से रिश्वत ले रहे थे। उन्होंने बताया कि रिश्वत की रकम बिजेंद्र कुमार अपने बैंक खाते में लेता था और फिर उसे बिष्ट तक पहुंचा देता था।

अधिकारियों ने कहा कि सीबीआई ने जाल बिछाया और राधा मार्केटिंग पर जुर्माना कम करने के लिए 72 हजार रुपये की रिश्वत लेते समय बिष्ट, बिजेंद्र और अशोक यादव को गिरफ्तार कर लिया। सीबीआई ने अधीक्षक अमित कुमार को भी गिरफ्तार किया जिसने पहले 50 हजार रुपये रिश्वत ली थी। प्रवक्ता ने कहा कि दिल्ली, मुंबई, फरीदाबाद, गुरुग्राम, रायगढ़ और किन्नौर (हिमाचल प्रदेश) में आरोपितों से संबंधित नौ स्थानों पर तलाशी ली गई। वहां से आपत्तिजनक दस्तावेज और 19.25 लाख रुपये बरामद हुए।

# काम पर नहीं लौटे डॉक्टर, सुप्रीम कोर्ट की डेडलाइन खत्म, ममता बनर्जी का प्रस्ताव भी ठुकराया




कोलकाता, 11 सितम्बर [एजेंसी]।

कोलकाता के आरजी कर कांड के खिलाफ आंदोलन कर रहे जूनियर डाक्टर सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बावजूद मंगलवार शाम तक काम पर नहीं लौटे बल्कि स्वास्थ्य सचिव व स्वास्थ्य शिक्षा निदेशक के इस्तीफे की मांग पर स्वास्थ्य भवन के सामने धरने पर बैठ गए हैं।

जूनियर डाक्टरों ने दो-टूक कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं की जातीं और मृतका को न्याय नहीं मिल जाता, तब तक कार्यस्थगन व आंदोलन जारी रहेगा। मालूम हो कि मामले पर सोमवार को हुई सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने जूनियर डॉक्टरों को मंगलवार शाम पांच बजे तक काम पर लौटने का निर्देश दिया था। जूनियर डाक्टरों ने मंगलवार दोपहर स्वास्थ्य भवन मार्च की घोषणा कर दी। भारी संख्या में स्वास्थ्य भवन की तरफ बढ़ रहे जूनियर डाक्टरों को पुलिसकर्मियों ने 100 मीटर पहले रोक दिया, जिसके बाद वह वहीं धरने पर बैठ गए। मुख्यमंत्री से बातचीत के लिए ईमेल से भेजा गया प्रस्ताव स्वास्थ्य सचिव स्वरूप नारायण निगम ने वेस्ट बंगाल जूनियर डाक्टर्स फ्रंट को ईमेल से मुख्यमंत्री ममता से बातचीत के लिए राज्य सचिवालय आने का प्रस्ताव दिया, जिसे ठुकरा दिया गया। वित्त राज्य मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने कहा कि ईमेल शाम को भेजा गया था। जूनियर डाक्टरों की ओर से कहा गया कि उन्हें बातचीत करने पर आपत्ति नहीं है लेकिन ईमेल में जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल किया गया, वह अपमानजनक है। सिर्फ 10 लोगों को सचिवालय आने को कहा गया था। आरजी कर कांड के खिलाफ बुधवार शाम कोलकाता में आयोजित होने वाली विवेक जागरण यात्रा में फिल्म अभिनेता व भाजपा नेता मिथुन चक्रवर्ती भी शामिल होंगे। विवेक जागरण यात्रा शाम चार बजे स्वामी विवेकानंद के पैतृक निवास स्थल से शुरू होगी। ममता ने मंत्रियों को टिप्पणी नहीं करने का दिया निर्देशमुख्यमंत्री ममता ने मंगलवार को कैबिनेट की बैठक में अपने मंत्रियों को अस्पताल में महिला चिकित्सक की घटना के खिलाफ जारी विरोध प्रदर्शनों और जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल पर कोई भी टिप्पणी नहीं करने का सख्त निर्देश दिया। सभी मंत्रियों से स्पष्ट कहा कि घटना और आंदोलन को लेकर जो कुछ भी कहना है, वह स्वयं कहेंगी।

## रिश्वत लेते वरिष्ठ लेखा परीक्षक गिरफ्तार ऑडिट के नाम पर मांगी थे 10 हजार रुपये



बदायूं 11 सितम्बर [एजेंसी]।

जिला लेखा परीक्षा अधिकारी सहकारी समितियां एवं पंचायत कार्यालय में वरिष्ठ लेखा परीक्षक पद पर तैनात संदीप भारती को एंटी करप्शन टीम बरेली ने दस हजार रुपये रिश्वत लेते शहर के इंदिरा चौक से गिरफ्तार किया। सदर तहसील क्षेत्र के जगत ब्लाक की ग्राम पंचायत फतेहपुर के प्रधान पति नेम सिंह ने एंटी करप्शन टीम बरेली से शिकायत की थी। बताया था कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में उन्होंने अपने गांव में निर्माण व विकास कार्य कराए थे। पंचायत विभाग से इन कार्यों को ऑडिट के लिए फाइल जिला लेखा परीक्षा अधिकारी सहकारी समितियां एवं पंचायत कार्यालय भेजी गई, जिसका ऑडिट यहां तैनात वरिष्ठ लेखा परीक्षक संदीप कुमार भारती कर रहे थे। ऑडिट के नाम पर उनसे 10 हजार रुपये की रिश्वत मांगी गई। सीओ एंटी करप्शन यशपाल शर्मा ने बताया कि बुधवार को लेखा परीक्षक को बरेली न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा जाएगा।

## एक बार फिर इजरायल में नौकरी का मौका दो लाख रुपये तक हर महीने सैलरी

**लखनऊ।** इजरायल व हमास के बीच छिड़े युद्ध के कारण क्षतिग्रस्त हुए भवनों को ठीक करने व घायलों की देखभाल के लिए 15 हजार श्रमिकों की जरूरत है। इजरायल ने एक बार फिर भारत से 10 हजार निर्माण श्रमिकों और घायलों की देखभाल के लिए पांच हजार देखभाल कर्ताओं की आवश्यकता को पूरा करने के लिए सहयोग मांगा है। ऐसे में अब फिर कौशल टेस्ट के माध्यम से श्रमिकों का चयन किया जाना है। पिछली बार 16,832 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था और इसमें से 10,349 अभ्यर्थी चुने गए थे।उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की ओर से इजरायल में नौकरी करने के इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे गए हैं। ऐसा व्यक्ति जो हाईस्कूल पास हो, उसके पास देखभालकर्ता के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम और 990 घंटे का ऑन द जॉब ट्रेनिंग का सर्टिफिकेट होना जरूरी है।

# सीएम योगी से मुलाकात के बाद दूर हुई नाराजगी आज कार्यभार ग्रहण करेंगी अपर्णा यादव



लखनऊ, 11 सितम्बर [एजेंसी]।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सोमवार को हुई मुलाकात के बाद आखिरकार सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव की बहू और भाजपा नेत्री अपर्णा यादव की उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग में उपाध्यक्ष बनाए जाने की नाराजगी दूर हो गई।

अपर्णा यादव बुधवार को आयोग में उपाध्यक्ष का अपना कार्यभार ग्रहण करेंगी। अपर्णा पिछले एक सप्ताह से आयोग में उपाध्यक्ष का पद ग्रहण नहीं कर रहीं थी।बीती तीन सितंबर को महिला आयोग में अध्यक्ष के पद पर बबीता चौहान, उपाध्यक्ष पर अपर्णा यादव व चारू चौधरी के अलावा 25 सदस्यों के नियुक्ति का आदेश जारी हुआ था।

महिला आयोग अध्यक्ष, उपाध्यक्ष चारू चौधरी के अलावा सभी सदस्यों ने अपना कार्यभार संभाल लिया था। हालांकि, अपर्णा उपाध्यक्ष पद पर अपना पद ग्रहण नहीं कर रहीं थी। इसके पीछे अपर्णा की नाराजगी की चर्चाएं हुईं। मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद अपर्णा की नाराजगी तो दूर हुई ही, उनके वापस सपा में जाने की चर्चाओं को विराम लग गया।

## पशु तस्करी के मामले में टीएमसी नेता की बेटी को मिली जमानत, हाईकोर्ट ने शर्त भी लगाई

**नई दिल्ली 11 सितम्बर।** बंगाल में मवेशी तस्करी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता अनुब्रत मंडल की बेटी सुकन्या मंडल को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की पीठ ने सुकन्या को यह देखते हुए राहत दी कि वह एक महिला हैं और 26 अप्रैल 2023 से हिरासत में हैं। अदालत ने सुकन्या को 10 लाख रुपये का निजी मुचलका और इतनी ही राशि की जमानती पर रिहा करने का निर्देश दिया। साथ ही निर्देश दिया कि वह अदालत की पूर्व अनुमति के बगैर देश नहीं छोड़ेंगी और गवाहों को प्रभावित करने की कोशिश नहीं करेंगी।अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता एक शिक्षित महिला हो सकती है, लेकिन इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है कि उसके खिलाफ आरोप अनिवार्य रूप से उसके पिता के संदर्भ में हैं। सुकन्या ने यह कहते हुए जमानत देने की मांग की थी कि एक महिला हैं और पशु तस्करी से जुड़े सीबीआई द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार मामले में उसकी कोई भागीदारी नहीं है।

# अब कश्मीर में नहीं है डर, शिंदे के बयान पर भाजपा बोली- आज बिना किसी भय के घाटी में बर्फ से खेलते हैं विपक्षी नेता

नईदिल्ली, 11 सितम्बर [एजेंसी]।

कांग्रेस नेता व पूर्व गृह मंत्री सुशील शिंदे की टिप्पणी को लेकर भाजपा ने कांग्रेस पर निशाना साधा है। भाजपा ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की सुरक्षा इतनी मजबूत है कि विपक्षी नेता भी बिना किसी डर के कश्मीर में बर्फ से खेलते हैं। सोमवार को सुशील शिंदे ने कहा था कि जब वह गृह मंत्री के रूप में कश्मीर के लाल चौक



और श्रीनगर की डल झील का दौरा करते थे, तो उन्हें डर लगता था।

इस पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान देश के गृह मंत्री भी कश्मीर जाने से डरते थे। अब बिना डर के लोग कश्मीर जा रहे हैं।भाजपा के आइटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि अनुच्छेद 370 निरस्त करने से कश्मीर में लोगों का जीवन बदला है। भ्रष्ट अब्दुल्ला तथा मुफ्ती परिवारों का प्रभाव कम हुआ है।

यहां तक कि बालक बुद्धि और उनकी बहन को बर्फ के गोलों से खेलते देखा गया था।वहीं, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने कहा कि अब कोई भी भारतीय बिना किसी डर के जम्मू-कश्मीर का दौरा कर सकता है। भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने कहा कि पूर्व गृह मंत्री ने स्वीकार किया है कि उन्हें जम्मू-कश्मीर जाने से डर लगता था लेकिन कांग्रेस फिर कश्मीर को आतंक के दिनों में ले जाना चाहती है।

# ऑनलाइन और क्रेडिट कार्ड ट्रांजेक्शन नियम में हो सकता है बदलाव, मनी लांड्रिंग रोकने के लिए FATF बना रहा योजना

नईदिल्ली, 11 सितम्बर [एजेंसी]।

मनी लांड्रिंग और आतंकी फंडिंग पर निगरानी रखने वाली वैश्विक एजेंसी फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) ऑनलाइन और क्रेडिट कार्ड के ट्रांजेक्शन में और पारदर्शिता लाना चाहता है और इस दिशा में पहल शुरू हो चुकी है। वित्त मंत्रालय सूत्रों के मुताबिक एफएटीएफ चाहता है कि क्रेडिट कार्ड से ट्रांजेक्शन होने पर खर्च और प्राप्त करने वाले दोनों की पूरी जानकारी आसानी से उपलब्ध हो।एक ऐसी प्रणाली विकसित की जाए जिसकी मदद से रियल टाइम में ट्रांजेक्शन करने वाले और प्राप्तकर्ता के बारे में जरूरत पड़ने पर जानकारी मिल सके। कई क्रेडिट कार्ड बैंक खाते से भी नहीं जुड़े होते हैं, इसलिए खर्च करने वाले की पूरी जानकारी हमेशा आसानी से नहीं मिल पाती है। वित्त मंत्रालय सूत्रों के मुताबिक भारत में क्रेडिट कार्ड संचालित करने वाली कंपनियों से इस बारे में नियामक बातचीत कर रहा है और इस संबंध में बदलाव पर होने वाले खर्च का वहन क्रेडिट कार्ड कंपनी करेगी। इससे भविष्य में क्रेडिट कार्ड का शुल्क बढ़ सकता है। वित्त मंत्रालय के मुताबिक पारदर्शिता लाने के लिए होने वाले बदलाव से ट्रांजेक्शन की गति प्रभावित नहीं होगी। अभी क्रेडिट कार्ड पर मुख्य रूप से यूजर का नाम होता है और उनके नंबर से देश का पता भी लगाया जा सकता है। वित्त मंत्रालय के



मुताबिक एफएटीएफ विदेश भ्रमण के दौरान होने वाले ऑनलाइन ट्रांजेक्शन में भी पारदर्शिता बढ़ाना चाहता है और भारत भी इसके पक्ष में है। अभी कई ऐसे पेमेंट एग्रीगेटर है जिनके मानक को बढ़ाए जाने की जरूरत है और सभी को नियामक के दायरे में लाने का प्रयास हो रहा है। ये एग्रीगेटर बैंक की तरह पारदर्शी नहीं है। आरबीआई इस दिशा में काम कर रहा है। वित्त मंत्रालय के मुताबिक भारत अपने उन गैर वित्तीय संस्थान में भी पारदर्शिता लाने की कोशिश में जुट गया है जिनके माध्यम से परोक्ष रूप से वैश्विक स्तर पर वित्तीय लेनदेन का काम होता है। मंत्रालय के मुताबिक ज्वैलरी की खरीद-फरोख्त, कैसिनो, चार्टर्ड एकाउंटेंट फर्म जैसी संस्थाओं के माध्यम से वैश्विक स्तर पर वित्तीय आदान-प्रदान होता है। एफएटीएफ 40 देशों का समूह है और इनकी सिफारिशों पर अमल नहीं करने वाले देशों पर वैश्विक स्तर पर वित्तीय प्रतिबंध लगाया जा सकता है। यह समूह सदस्य देशों की वित्तीय प्रणाली का मूल्यांकन करता है। आगामी 19 सितंबर को भारत की वित्तीय प्रणाली के मूल्यांकन पर एफएटीएफ रिपोर्ट जारी करने जा रहा है।आतंकी फंडिंग रोकने में अहम भूमिका निभाएगा भारतवित्त मंत्रालय सूत्रों के मुताबिक एफएटीएफ के मंच से भारत वैश्विक स्तर पर हो रहे आतंकी फंडिंग को रोकन में अग्रणी भूमिका निभाने जा रहा है। वित्त मंत्रालय के मुताबिक भारत आतंकी फंडिंग का शिकार रहा है और भारत ने आतंकी फंडिंग के माडल पर काफी काम किया है और इस प्रकार के फंडिंग रोकने में सफलता भी हासिल की है।भारत उन उदाहरणों के साथ आतंकी फंडिंग रोकने के लिए अन्य उपायों का मॉडल दुनिया को देगा। भारत ने ही एफएटीएफ को पाकिस्तान में हो रहे आतंकी फंडिंग की जानकारी दी थी जिसके बाद पाकिस्तान को एफएटीएफ ने ग्रे सूची में डाल दिया था।

## एक हफ्ते में 4 ट्रेनों को पलटाने की साजिश का खुलासा, पाकिस्तानी आतंकी का वीडियो आया सामने

नईदिल्ली, 11 सितम्बर [एजेंसी]।

कानपुर में कालिंदी एक्सप्रेस को पलटाने की कोशिश के बीच एक बड़ा खुलासा हुआ है। पिछले एक हफ्ते में 4 बार ट्रेनों को पलटाने की कोशिश की गई। पिछले 23 दिनों में सिर्फ कानपुर के आसपास तीन बार ट्रेन को डिरेल करने की साजिश रची गई। कानपुर मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी  और उत्तर प्रदेश की आतंकवाद निरोधक दस्ता व आईबी कर रही है।रेलवे के मुताबिक पिछले एक हफ्ते में देश के अलग-अलग हिस्सों में 4 बार ट्रेन को पटरियों से उतारने की कोशिश की गई। वहीं दो बार पथराव की घटना भी सामने आ चुकी है। इससे यह आशंका जताई जा रही है कि रेल सेवा के खिलाफ क्या कोई बड़ी साजिश रची जा रही है। इन घटनाओं के सामने आने के बाद रेलवे की चिंता बढ़नी लाजिमी है। असामाजिक तत्व खासकर वंदे भारत ट्रेन पर पथराव कर रहे हैं। रेलवे ने संवेदनशील स्थानों पर निगरानी बढ़ा दी है।टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक जून 2023 से अब तक पटरियों के साथ छेड़छाड़ के 17 मामले सामने आ चुके हैं। आरपीएफ मामला दर्जकर जांच में जुटी है। पिछले हफ्ते सोलापुर, जबलपुर समेत कई जगह ट्रेन को पलटाने की कोशिश की गई।पाकिस्तान के आतंकी फरहतुल्लाह घोरी ने हाल ही में एक वीडिया जारी किया। इसमें उसने अपने फॉलोअर्स से बड़े स्तर पर ट्रेनों को पटरी से उतारने की खातिर उकसाया रहा है। कानपुर में कालिंदी एक्सप्रेस की पटरी पर सिलेंडर के अलावा पेट्रोल और माचिस का मिलना गहरी साजिश की ओर इशारा है।

# पीरियड्स आने से पहले क्या आपको भी होने लगती है कब्ज की समस्या तो जान लीजिए क्या है दिक्कत?

एक उम्र के बाद एक सेहतमंद महिला को पीरियड्स से गुजरना पड़ता है. पीरियड्स के वो 5 दिन हर महिला के लिए परेशानी भरे होते हैं. पीरियड्स के दौरान महिला की गर्भाशय पर एग टूट-टूट कर जो परत बनाते हैं वह अपना साइकल पूरी करने के बाद पीरियड्स के दौरान बाहर निकलती है. पीरियड्स से पहले या उस दौरान शरीर में कई सारे हार्मोनल चेंजेज होते हैं. जिसके कारण इन चेंजेज से होने वाले लक्षण पीरियड्स से पहले दिखाई देते हैं. उसे प्रीमेंस्ट्रुअल सिंड्रोम (पीएमएस) कहा जाता है. बीजेओजी में साल 2016 में लिखी एक आर्टिकल के मुताबिक एक महिला में प्रजनन की क्षमता पीरियड्स के दौरान 40-90त्न दिखाई देता है वहीं कब्ज जैसे लक्षण पीएमएस की निशानी हो सकती है.




पीरियड्स और कब्ज के बीच क्या है कनेक्शन?

पीरियड्स से पहले कब्ज की समस्या आमतौर पर हार्मोनल उतार-चढ़ाव के कारण होता है. खास तौर पर प्रोजेस्टेरोन में वृद्धि के कारण होती है. उन्होंने आगे कहा कि यह हार्मोन आंतों सहित चिकनी मांसपेशियों को शिथिल कर देता है. जिससे पाचन धीमा हो जाता है.इसके अलावा एस्ट्रोजन के लेवल में बदलाव से पानी जमा हो सकता है. जिससे मल सख्त हो जाता है और कब्ज हो सकता है.

खराब खानपान के कारण भी होती है पीएमएस की समस्या

स्टेटपर्ल्स पब्लिशिंग के अनुसार पीएमएस बढ़ाने में डाइट का भी बहुत बड़ा योगदान होता है. अगर कोई महिला काफी ज्यादा फास्ट फूड, चीनी से भरपूर ड्रिंक और डीप-फ्राइड फूड आइटम खाती हैं. तो इससे पीएमएस, नींद की कमी जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं. डाइट में बदलाव से मासिक धर्म से पहले होने वाली कब्ज को काफी हद तक कम किया जा सकता है. फलों, सब्जियों, साबुत अनाज और फलियों के माध्यम से फाइबर का सेवन बढ़ाने से मल में मात्रा बढ़ती है, जिससे मल आसानी से निकल जाता है. अच्छी तरह से हाइड्रेटेड रहना, क्योंकि यह मल को नरम बनाता है.प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों और चीनी का सेवन कम करना, क्योंकि ये फाइबर के सेवन और हाइड्रेशन के स्तर को कम करके कब्ज को बढ़ा सकते हैं.

योग करने से आप कब्ज को एक हद तक कंट्रोल कर सकते हैं

लाइफस्टाइल में बदलाव से मासिक धर्म से पहले के चरण में पाचन स्वास्थ्य को और बेहतर बनाया जा सकता है. इसमें नियमित शारीरिक गतिविधि शामिल है जो पाचन तंत्र को उत्तेजित करती है, मल त्याग को बढ़ावा देती है. तनाव प्रबंधन तकनीक, जैसे योग या ध्यान, भी फायदेमंद हो सकते हैं, क्योंकि तनाव पाचन को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है. नियमित रूप से बाथरूम जाने की दिनचर्या बनाना और जाने की इच्छा पर तुरंत प्रतिक्रिया करना कब्ज को और खराब होने से रोकने में मदद कर सकता है.

सही के लिए सही एक्सरसाइज करना बेहद है जरूरी

जब सही व्यायाम चुनने की बात आती है, तो योग और स्ट्रेचिंग जैसी हल्की गतिविधियों की सलाह देते हैं जो आंतों की गति को बढ़ावा देती हैं. योग मुद्राएं जैसे कि बच्चे की मुद्रा या आगे की ओर झुकना, जो पेट के तनाव को दूर कर सकती हैं और पाचन को बढ़ावा दे सकती हैं; और नियमित एरोबिक व्यायाम, भले ही कम अवधि के लिए, जो समग्र पाचन स्वास्थ्य को बढ़ाने और इस समय के दौरान कब्ज को कम करने में मदद कर सकता है.

जबकि ओवर-द-काउंटर (ओटीसी) जुलाब मासिक धर्म से पहले कब्ज के लिए राहत प्रदान कर सकते हैं, उन्हें निर्भरता से बचने के लिए सावधानी से इस्तेमाल किया जाना चाहिए, विशेषज्ञ चेतावनी देते हैं, महिलाओं से व्यक्तिगत स्वास्थ्य आवश्यकताओं के लिए सुरक्षा और उपयुक्तता सुनिश्चित करने के लिए किसी भी नए उपचार को शुरू करने से पहले स्वास्थ्य सेवा प्रदाता से परामर्श करने का आग्रह करते हैं.

## रामसे ब्रदर्स की वापसी : नए हॉरर सीरीज बंद दरवाजे के पीछे से कराएंगे डर का अनुभव

बॉलीवुड के जाने-माने फिल्म निर्माता और रामसे ब्रदर्स के सागर रामसे अब एक नई हॉरर सीरीज बंद दरवाजे के पीछे बना रहे हैं। सागर रामसे का कहना है कि यह सीरीज मनोवैज्ञानिक हॉरर का एक नया और अनोखा पहलू प्रस्तुत करेगी, जो दर्शकों को डरने के साथ-साथ सोचने पर भी मजबूर करेगी।

90 के दशक में वीराना, पुरानी हवेली, तहखाना और होटल जैसी फिल्मों के साथ रामसे ब्रदर्स हॉरर स्टाइल में एक जाना-पहचाना नाम था। हालांकि, ब्रदर्स ने फिल्में बनाना बंद कर दिया था, लेकिन वे अब एक हॉरर शो के साथ वापस आ गए हैं। सीरीज के बारे में बात करते हुए सागर ने कहा, हमारी सीरीज एक ताज़ा स्क्रिप्ट है जो मनोवैज्ञानिक हॉरर के अन्वेषणों में गहराई से उतरती है। सीरीज एक साहसिक नई दिशा की यात्रा है, जिसमें आधुनिक कहानी के साथ साहसिक यात्राएं शामिल हैं, जो दर्शकों को एक रोलर कोस्टर राइड पर ले जाने का वादा करती है। उन्होंने कहा, स्क्रिप्ट को आज के दर्शकों को आकर्षित करने के लिए सावधानी से तैयार किया गया है, जिसमें डर, रोमांच, रहस्य और सबसे महत्वपूर्ण रूप से हॉरर का एक अनोखा मिश्रण है, जो इसे अलग बनाता है। यह श्रृंखला डार्क, मिस्ट्री और सुपरनैचुरल घटनाओं पर आधारित है। उन्होंने कहा कि यह शो ऑल्ट पर स्ट्रीम होगा और वह स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म के साथ काम कर खुश हैं। उन्होंने कहा कि ऑल्ट से उनका संबंध अविश्वसनीय रूप से सहयोगी और संतोषजनक रहा है। अंत में हम सभी अपने दर्शकों के लिए काम करते हैं।

सागर ने कहा, ऑल्ट का समर्थन हमें हॉरर कहानी सुनाने की सीमाओं को तोड़ने की अनुमति देता है, यह सुनिश्चित करता है कि सीरीज एक व्यापक और अधिक विविध दर्शकों तक पहुंचे। प्लेटफार्म की उच्च-गुणवत्ता वाली सामग्री और नवाचार में प्रतिबद्धता इस सीरीज के साथ हमारे उद्देश्यों के साथ पूरी तरह से मेल खाती है, जो इस साझेदारी को प्राकृतिक रूप से फिट बनाती है। एक साथ, हम एक वास्तव में अनोखा देखने का अनुभव प्रदान करने के लिए उत्साहित हैं।

## बॉलीवुड डेब्यू के 40 दिन के चंदेरी शेड्यूल के दौरान घर की बहुत याद आई : ध्वनि भानुशाली



प्लेबैक सिंगर ध्वनि भानुशाली ने चंदेरी में फिल्म की शूटिंग के दौरान की यादों को ताजा किया। उन्होंने बताया कि शूटिंग के दौरान उन्हें घर की बहुत याद आई थी।

ध्वनि भानुशाली ने बताया कि उन्होंने चंदेरी में 40 दिनों तक शूटिंग की। सिंगर-एक्ट्रेस ने अपने को-स्टार्स और फिल्म टीम का जिक्र करते हुए कहा, यह पहली बार था जब मैं अपने माता-पिता से दूर रही। शूटिंग के दौरान मुझे घर की याद आती रही। लेकिन, शूटिंग के दौरान मुझे एक नया परिवार मिला। ध्वनि भानुशाली कहां शुरू कहां खतम में आशिम गुलाटी के साथ स्क्रीन शेयर कर रही हैं। एक्ट्रेस ने यह भी बताया कि उन्होंने एक्टिंग में आने का फैसला कैसे किया।

उन्होंने कहा, लॉकडाउन के दौरान, मैंने एक्टिंग को आगे बढ़ाने का फैसला किया। मैंने बहुत मेहनत से तैयारी शुरू की, कोचों से सीखा और थिएटर में जुट गई।

एक्ट्रेस ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के छात्रों से बहुत कीमती जानकारी हासिल की। अपने रोल और फिल्म के लिए कई वर्कशॉप में हिस्सा लिया, जिससे उन्हें बहुत फायदा हुआ।

उन्होंने कहा, मैंने लक्ष्मण और सौरभ सर से कई बार मुलाकात की। तीन मिनट का डांस वीडियो बनाने और पूरी फिल्म पर काम करने के बीच का अंतर बहुत महत्वपूर्ण है। मैंने इस प्रोजेक्ट के लिए खुद को पूरी तरह से समर्पित कर दिया और यह सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास किया कि मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूं।

लक्ष्मण उतेकर द्वारा निर्मित और सौरभ दासगुप्ता द्वारा निर्देशित कहां शुरू कहां खतम एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है।

फिल्म में ध्वनि भानुशाली एक भगोड़ी दुल्हन की भूमिका में हैं और आशिम गुलाटी एक शादी में खलल डालने वाले की भूमिका में हैं। दोनों ने हास्य और केमिस्ट्री के मिश्रण से स्क्रीन पर चार चांद लगा दिए हैं।

फिल्म में सुप्रिया पिलगांवकर, राकेश बेदी, सोनाली सचदेव, राजेश शर्मा, अखिलेंद्र मिश्रा, चितरंजन त्रिपाठी, विक्रम कोचर, हिमांश कोहली और विकास वर्मा भी हैं। यह फिल्म 20 सितंबर को रिलीज होगी।

## मौनी रॉय के लेटेस्ट लुक ने इंटरनेट पर मचाया बवाल, फोटोज शेयर होते ही हो गई वायरल



बी-टाउन की खूबसूरत अभिनेत्री मौनी रॉय आए दिन अपने लेटेस्ट लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस के बीच बवाल मचाती रहती हैं। उनका बोल्ड लुक इंटरनेट पर आते ही बवाल मचाने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं। एक्ट्रेस मौनी रॉय आए दिन अपने लेटेस्ट लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा अटेंशन अपनी ओर खींचती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट स्टनिंग लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। मौनी रॉय ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान ब्लैक कलर का आउटफिट पहना हुआ है और उसके साथ स्टाइलिश लुक में रेड कलर की स्कर्ट कैरी की है। एक्ट्रेस इंस्टाग्राम पर जब भी अपनी फोटोज शेयर करती हैं तो उनके चाहने वाले उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं। हालांकि इन तस्वीरों में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। मौनी रॉय की इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं लोग हॉट एंड गॉर्जियस, सो ब्यूटिफुल और ग्लैमरस जैसे कॉमेंट्स कर रहे हैं। मौनी रॉय को फोटोज शेयर किए कुछ ही घंटे हुए हैं और अब तक 1 लाख से भी ज्यादा यूजर्स ने फोटोज पर लाइक्स कर दिए हैं।

## अक्षय कुमार ने किया हॉरर कॉमेडी फिल्म भूत बंगला का एलान



अक्षय कुमार अपने 57वां बर्थडे के मौके पर अपने फैंस को सुनहरा तोहफा दिया है. अक्षय कुमार ने अपनी नई हॉरर कॉमेडी फिल्म भूल बंगला का एलान किया है. इसी के साथ फिल्म भूत बंगला का एक मजेदार पोस्टर भी सामने आया है. भूत बंगला को प्रियादर्शन बनाने जा रहे हैं. इस जोड़ी ने पहले फिल्म भूल भुलैया से धमाका मचा दिया था. फिल्म भूत बंगला से सामने आया अक्षय कुमार का फर्स्ट लुक बड़ा ही मजेदार है. इसमें अक्षय कुमार के कंधे पर काली बिल्ली बैठी हुई है और अक्षय कुमार कटोरी में पड़े दूध पर अपनी लार टपका रहे हैं. अक्षय कुमार ने अपने बर्थडे पर फिल्म भूत बंगला का एलान कर लिखा है, जन्मदिन पर आपके प्यार के लिए धन्यवाद, साल दर साल, इस साल भूत बंगला के फर्स्ट लुक का सेलिब्रेशन मना रहा हूं, 14 साल बाद प्रियादर्शन के साथ दोबारा काम करने के उतावलेपन को मैं जाहिर नहीं कर सकता हूं, यह ड्रीम कोलेब्रेशन लंबे समय बाद लौटा है, आप लोगों के साथ यह सफर शेयर करने से खुद को नहीं रोक पाया हूं. जादू के लिए हमसे जुड़े रहिए. बता दें, अक्षय कुमार और प्रियादर्शन ने साल 2007 में फिल्म हॉरर कॉमेडी भूल भुलैया से धमाका किया था. अक्षय कुमार के फिल्मी करियर में भूल भुलैया बड़ी हिट फिल्मों की लिस्ट में शामिल है. इस फिल्म से अक्षय कुमार को साल 2007 का बेस्ट एक्टर का अवार्ड भी मिला था. अब देखना होगा कि 14 साल बाद यह जोड़ी कैसे अपने दर्शकों को एंटरटेन करती है. बता दें, भूत बंगला को बालाजी टेलीफिल्म्स और कैप ऑफ गुड्स फिल्म्स मिलकर बना रहे हैं. फिल्म के प्रोड्यूसर एकता कपूर और शोभा कपूर हैं. फिल्म साल 2025 में रिलीज होगी, लेकिन अभी इसकी रिलीज डेट और बाकी स्टारकास्ट का एलान नहीं किया गया है.



## स्त्री 2 बनी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तीसरी फिल्म, पठान को पछाड़ा अब एनिमल की बारी

राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की 'स्त्री 2' बॉक्स ऑफिस पर रूकने का नाम नहीं ले रही है. फिल्म को रिलीज हुए तीन हफ्ते पूरे हो चुके हैं लेकिन इसका क्रेज अब भी दर्शकों के सिर चढ़कर बोल रहा है. यही वजह से ही चौथे वीकेंड पर भी इस हॉरर कॉमेडी ने ताबड़तोड़ कलेक्शन किया है. चलिए यहां जानते हैं 'स्त्री 2' ने रिलीज के चौथे रविवार यानी 25वें दिन कितना कलेक्शन किया है?

'स्त्री 2' सिनेमाघरों में अक्षय कुमार की खेल खेल में और जॉन अब्राहम की वेदा सहित कई साउथ फिल्में के साथ 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. जहां ये सभी फिल्में एक हफ्ते में ही बॉक्स ऑफिस पर ढेर हो गई वहीं 'स्त्री 2' अकेले टिकट खिड़की पर राज कर रही है. इस फिल्म को दर्शकों से भरपूर प्यार मिल रहा है. ये हॉरर कॉमेडी साल 2024 की सबसे बड़ी हिट को बन ही चुकी है वहीं ये चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म भी बन चुकी है.

दिलचस्प बात ये है कि रिलीज के तीन हफ्ते धुआंधार कमाई करने के बाद अब 'स्त्री 2' ने चौथे वीकेंड पर भी गर्दा काट दिया है. फिल्म के कलेक्शन की बात करें तो 'स्त्री 2' ने पहले हफ्ते में 307.80 करोड़ की कमाई की थी. दूसरे हफ्ते में फिल्म का कलेक्शन 145.80 करोड़ रुपये रहा. वहीं तीसरे हफ्ते 'स्त्री 2' का कारोबार 72.83 करोड़ रुपये रहा. वहीं तरण आदर्श द्वारा शेयर किए गए आंकड़ों के मुताबिक चौथे शनिवार 'स्त्री 2' ने 88.89 फीसदी के जंप के साथ 8.77 करोड़ का कलेक्शन किया और शनिवार तक यानी 24वें दिन तक फिल्म की कमाई 540.04 करोड़ रुपये हो गई थीं.

वहीं अब फिल्म की रिलीज के चौथे रविवार यानी 25वें दिन की कमाई के कड़े आ गए हैं.

सैतरण आदर्श द्वारा शेयर किए गए आंकड़ों के मुताबिक 'स्त्री 2' ने रिलीज के चौथे रविवार यानी 25वें दिन 11.40 करोड़ का कलेक्शन किया. इसी के साथ 'स्त्री 2' की 25 दिनों की कुल कमाई अब 551.44 करोड़ रुपये हो गई है.

'स्त्री 2' ने 25 दिनों में 550 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर शाहरुख खान की पठान (543.09 ) का रिकॉर्ड ब्रेक कर दिया है. इसी के साथ 'स्त्री 2' जवान (640.25) और एनिमल (553.87) के बाद तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म भी बन चुकी है. अब इस हॉरर कॉमेडी के निशाने पर रणबीर कपूर की एनिमल है.

'स्त्री 2' ने कमाल कर दिखाया है. इस हॉरर कॉमेडी फिल्म ने रिलीज के 25वें दिन पठान, जवान, केजीएफ सहित सभी फिल्मों को धोबी पछाड़ दे दी और इसी के साथ 'स्त्री 2' 25वें दिन सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है. 'स्त्री 2' ने इन मूवीज के 25वें दिन के कलेक्शन को धूल चटाई है.

बता दें कि 'स्त्री 2' में राजकुमार राव, श्रद्धा कपूर, पंकज त्रिपाठी, अभिषेक बनर्जी और अपारशक्ति खुराना ने अहम रोल प्ले किया है. फिल्म का निर्देशन अमर कौशिक ने किया है और ये दिनेश विजान के सुपरनैचुरल यूनिवर्स की पांचवीं फिल्म है.

# क्या प्रेग्नेंसी में दूध पीने से गोरा होता है पैदा होने वाला बच्चा? ये है सच

गर्भवती महिला को दूध पीना चाहिए क्योंकि इससे बच्चा गोरा होता है? अक्सर घर के बड़े-बुजुर्ग इस तरह की बातें करते हैं. लेकिन क्या सच में ऐसा होता है. एबीपी लाइव हिंदी की खास सीरीज मिथ बनाम फैक्ट में हम विस्तार से जानेंगे कि क्या इस तरह की बात में किसी भी तरह की सच्चाई है. दूध पीने से बच्चा गोरा होता है?

इस पर रिसर्च करने के दौरान हमें कई सारे आर्टिकल देखें. जो बताते हैं कि प्रेग्नेंसी के दौरान दूध पीने से बच्चा गोरा होता है. इस बात में कोई सच्चाई नहीं है. बच्चे की त्वचा का रंग माता-पिता के जीन पर निर्भर करता है. न कि गर्भावस्था के दौरान मां क्या खाती है? इसलिए दूध पीने से बच्चे के रंग पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है.



बच्चे का रंग कैसा होगा यह पूरी तरह से जीन पर निर्भर करता है

बच्चे की त्वचा का रंग मुख्य रूप से माता-पिता दोनों से विरासत में मिले जीन द्वारा निर्धारित होता है. न कि मां क्या खाती है और क्या नहीं? इस विचार का समर्थन करने के लिए कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है कि गर्भावस्था के दौरान दूध पीने से बच्चे की त्वचा का रंग प्रभावित हो सकता है.

गाय का दूध आम तौर पर सबसे स्वस्थ विकल्प माना जाता है क्योंकि इसमें अच्छी पोषण प्रोफ़ाइल होती है. हालांकि, यदि आप लैक्टोज असहिष्णु हैं या आपकी अन्य प्राथमिकताएं हैं. तो आप अन्य प्रकार के दूध जैसे सोया, बादाम या चावल का दूध आज़मा सकते हैं. यदि आप गैर-डेयरी दूध चुनते हैं, तो बिना चीनी वाले, कैल्शियम-फोर्टिफाइड विकल्पों की तलाश करें.

फैट

कम फैट वाला दूध शरीर के लिए अच्छा होता है. कम वसा वाला या बिना वसा वाला दूध आम तौर पर पूरे या कम वसा वाले दूध से ज़्यादा स्वस्थ होता है.

पाश्चराइजेशन-कच्चा (बिना पाश्चरीकृत) दूध पीने या कच्चे दूध से बने उत्पादों को खाने से बचें. क्योंकि उनमें हानिकारक बैक्टीरिया हो सकते हैं.

पनीर

चेडर और वेन्सलेडेल जैसे सख्त पनीर खाने के लिए ठीक हैं, लेकिन आपको ब्री और कैमेम्बर्ट जैसे सफ़ेद परत वाले नरम पनीर और ब्लू पनीर से बचना चाहिए. आप इन पनीर को खाना पकाने में तब भी इस्तेमाल कर सकते हैं, जब आप उन्हें तब तक पकाएं जब तक कि वे भाप से गर्म न हो जाएं.

## शब्द सामर्थ्य -174


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिड़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाश ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लत खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भाला 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 173 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पं | क्ति | | स्वा | द | | स | ब | ब |
| जा | | सु | हा | ना | | | ली | द |
| ब | हु | धा | | द | ल | ना | | ल |
| | | क | मा | न | | ग | ह | ना |
| भं | व | र | | | | वा | म | |
| गी | त | | म | जा | बू | र | | ट |
| | न | म | स्का | र | | | | र |
| | | र्या | | | बी | | ना | का |
| सं | वि | दा | | ब | स | च | ल | ना |

# गांव के दबंगों से त्रस्त ग्रामीण परिवार सहित बैठा भूख हड़ताल पर

**सूरजपुर।** जिले के दूरस्थ बिहारपुर चांदनी के सपहा गांव में प्रभावशाली ग्रामीणों की दबंगई से व्यथित ग्रामीणों ने अपने पूरे परिवार के साथ मंगलवार से बिहारपुर तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी है।



बिहारपुर उप तहसील परिसर स्थित चबूतरा में अपने परिवार के साथ अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे जिला अल्पसंख्यक कल्याण समिति के सदस्य लालजी बौद्ध ने बताया कि पूर्वजो के जमाने से वे चांदनी बिहारपुर इलाके के सपहा गांव में रहते हैं। साल 2012 में उसके द्वारा बौद्ध धर्म ग्रहण कर लिया गया था। उसके बाद से ही गांव के प्रभावशाली ग्रामीणों द्वारा उसका तिरस्कार कर हुए उसे और उसके परिवार का जीना दूभर कर दिया गया है। इसकी वजह से उसे मानसिक, शारिरिक और आर्थिक प्रताड़ना का शिकार होना पड़ रहा है। उसकी वन अधिकार भूमि पर जबरन कब्जा कर खेती कर ली गई है। उसके मकान पर जबरन कब्जा कर लिया गया है। उसके साथ पूर्व में मारपीट भी की जा चुकी है। उसे बार बार गांव से खदेड़ने की कोशिश की जाती है। उसे और उसके परिवार को बहिष्कार जैसी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। उसका आरोप है कि उसने थाना से लेकर कलेक्टर के जनदर्शन में उक्ताशय की लिखित शिकायत करते हुए न्याय की गुहार लगाई, लेकिन आज पर्यन्त उसे न्याय नही मिल सका। अब उसे न्याय पाने के लिए अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल करने को मजबूर होना पड़ा है। उसने बताया कि उन्होंने उक्ताशय को लेकर नामजद शिकायत कई बार की, लेकिन आरोपितों पर कोई कार्रवाई नही की गई। जिला अल्पसंख्यक कल्याण समिति सदस्य लालजी बौद्ध समेत उसकी पत्नी गुलाबी, पुत्र पंकज, बहु सुशीला, पुत्र हरिनारायण, बहु प्रियंका व उनके पोता पोती नीरज, प्रज्ञा, आदर्श व राहुल अनिश्चित कालीन भूख हड़ताल में बैठे है। समाचार लिखने तक उनसे बातचीत करने उनके पास कोई अधिकारी नही पहुंचा था। मैं आज जिला मुख्यालय में हूं। लालजी बौद्ध अपने परिवार के साथ भूख हड़ताल में बैठे हैं या नहीं, मुझे पता नही है। उनका मामला शासकीय भूमि में अतिक्रमण का है। सपहा गांव में कई लोगो से शासकीय भूमि पर कब्जा कर रखा है। बाकी आरोपों की मुझे जानकारी नही है।

## राष्ट्रीय पोषण माह 2024 अंतर्गत आयोजित किए जा रहे है विभिन्न कार्यक्रम

**सूरजपुर।** जिले के कलेक्टर श्री रोहित व्यास के निर्देशन एवं मार्गदर्शन तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री रमेश साहू के नेतृत्व में जिले में पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। इस पोषण माह का आयोजन जनसमुदाय तक स्वास्थ्य पोषण एवं स्वच्छता संबंधित व्यापक प्रचार एवं प्रभावी व्यवहार परिवर्तन हेतु जन आंदोलन के रूप में किया जा रहा है। इसका आयोजन 01 सितम्बर से 30 सितम्बर 2024 तक किया जा रहा है। इस दौरान महिला बाल विकास विभाग द्वारा स्वास्थ्य विभाग, आयुष विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं यूनिसेफ आदि संस्थाओं के साथ समन्वय के माध्यम से एनिमिया कैम्प, बच्चों का वृद्धि मापन एवं अनुश्रवण, वृद्धि अनुश्रवण पर नारा लेखन जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं, बालिकाओं, गर्भवती महिलाओं, आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को लाभान्वित किया जा रहा है।

# उदयपुर के समीप पहुंचा 11 हाथियों का दल,पहुंचा रहे नुकसान

**उदयपुर।** सरगुजा जिले के उदयपुर वन परिक्षेत्र में 11 हाथियों का दल प्रवेश कर गया है। हाथियों ने मकान तोड़ने के साथ ही फसलों को क्षति पहुंचाना शुरू कर दिया है। पिछली बार हाथी इस क्षेत्र में चार से पांच महीने तक रूक गए थे। उस दौरान हाथियों ने जन धन की व्यापक क्षति पहुंचाई थी। उदयपुर के समीप हाथियों के विचरण करने से प्रभावित क्षेत्र के लोग भयभीत है।वन विभाग लगातार हाथियों की निगरानी कर रहा है।



11 हाथियों का दल सूरजपुर जिले के प्रेमनगर ब्लाक से होते हुए उदयपुर वन परिक्षेत्र की सीमा में आठ सितंबर को डोई, फुलचुही के रास्ते प्रवेश किया था। नौ सितंबर को दावा जंगल में दिन भर रहने के बाद शाम को हाथियों के दल ने अंबिकापुर - बिलासपुर राष्ट्रीय को पार किया। राष्ट्रीय राजमार्ग को पार करने के बाद हाथियों का दल मनोहरपुर से होते हुए बोंगरू जंगल से तेंदूटिकरा जंगल की ओर गया। यहां जंगल किनारे बने कच्चे के मकानों को कुछ नुकसान पहुंचाया है। हाथी अपने पुराने रास्ते से चलकर रानुमाडा सुखरी भंडार जंगल में प्रवेश कर चुके है। बारिश की वजह से अभी हाथियों का सही लोकेशन लेने में वन अमला को दिक्कतें आ रही हैं। वन कर्मचारियों द्वारा ग्रामीणजन को लगातार हाथियों से दूर रहने की सलाह दे रहे हैं। हाथी जाने वाले संभावित रूट के गांव में मुनादी कराकर, गजराज वाहन के माध्यम से लोगों को सचेत किया जा रहा है। लोगों को बताया जा रहा है कि हाथियों को न छेड़े, उन्हे अपने रास्ते जाने दें। सुरक्षित दूरी बना कर रखे। झुंड में उनके पीछे -पीछे न दौड़े, पटाखों का प्रयोग ना करें। सोमवार की रात वन परिक्षेत्राधिकारी कमलेश राय, डांडगांव सर्किल के अशोक प्रताप सिंह के नेतृत्व में वनरक्षक अमरनाथ राजवाड़े, भरत सिंह, सहीस कपूर, नंदकुमार सिंह, विष्णु कुमार, अवधेश पूरी, भैयालाल तिर्की प्रभावित क्षेत्र में ग्रामीणों को सतर्क करने में लगे रहे।हाथियों ने रविवार को फूलचूही, डोई और कोटमी में कुछ किसानों की धान के फसल को नुकसान पहुंचाया है। तेंदूटिकरा, बेलढाब, बोंगरू और आमाडुग्गू में मक्के और धान की फसल को नुकसान पहुंचाया है इसके अलावा कुल तीन घरों को नुकसान पहुंचाया है। हाथियों का दल उदयपुर के समीप जंगल में है। वन विभाग की टीम लगातार हाथियों की निगरानी कर रही है। हाथियों का यह पसंदीदा क्षेत्र है। इस क्षेत्र में जब भी हाथी आते हैं तो तीन-चार माह तक रुक जाते है। राष्ट्रीय राजमार्ग के आसपास भी इनका विचरण होता है।

# उल्टी दस्त से ग्रामीण की मौत, कई पीड़ितों का चल रहा उपचार

**सूरजपुर।** प्रेमनगर इलाके के महोरा गांव में झाड़फूंक कराने आए विंध्यांचल निवासी 50 वर्षीय गोपाल पंडो की उल्टी दस्त से मौत हो गई। महोरा समेत उससे लगे आधा दर्जन गांव में उल्टी दस्त का प्रकोप होने की खबर सामने आने के बाद स्वास्थ्य महकमे हरकत में आ गया है। उल्टी दस्त से ग्रसित 20 मरीजों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रेमनगर में उपचार जारी है। वही एक मरीज को मेडिकल कालेज अंबिकापुर में भर्ती कराया गया है। महोरा और केदारपुर गांव में घर घर सर्वे कराकर पीड़ितों का उपचार किया जा रहा है।



बताया जा रहा है कि प्रेमनगर ब्लाक के महोरा गांव के पंडो बस्ती में उल्टी दस्त फैला है। इसके अलावा केदारपुर समेत विंध्यांचल, वृन्दावन, सरसताल व बलदेवनगर में तीन दिनों से उल्टी दस्त से कई ग्रामीण पीड़ित होने की खबर इंटरनेट मीडिया में वायरल होने के बाद स्वास्थ्य महकमे के साथ ही प्रशानिक अमला हरकत में आ गया है।

बता दें कि ग्राम विंध्यांचल निवासी गोपाल पंडो पिता सुखराम पंडो 50 वर्ष उल्टी दस्त से पीड़ित होने पर रविवार को अपने भाई व महोरा सरपंच महाबली पंडो के घर झाड़फूंक कराने आया था। जहां सोमवार को उसकी मौत हो गई। उल्टी दस्त से मौत के बाद मची खलबली के बीच महोरा पंडोपारा समेत उक्त गांवों में उल्टी दस्त से पीड़ित 21 ग्रामीण मरीजों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रेमनगर में भर्ती कर उनका उपचार किया जा रहा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए केदारपुर निवासी चरण राम पिता दशरू पंडो को जिला चिकित्सालय और फिर वहां से मेडिकल कालेज अंबिकापुर रिफर कर दिया गया है। उल्टी दस्त से पीड़ित ग्राम महोरा निवासी दिलबसिया पंडो 30 वर्ष, कुंती पंडो 23 वर्ष, शुकवारो पंडो 35 वर्ष, नानबदिया पंडो 15 वर्ष, अनिता पंडो 17 वर्ष, मानबाई पंडो 18 वर्ष, हीरासाय पंडो 41 वर्ष, बसंती मांझी 17 वर्ष अंजनी पंडो आठ वर्ष, मती पंडो 17 वर्ष, दिलेश्वरी पंडो 13 वर्ष, बच्चेलाल बरगाह 35 वर्ष के अलावा ग्राम विंध्यांचल बाई 45 वर्ष, मंगली धनुहार 50 वर्ष, दीपक गोंड़ 22 वर्ष निवासी ग्राम वृंदावन, मनियारो 45 वर्ष निवासी सरसताल, केदारपुर निवासी आलमसाय पंडो 30 वर्ष, हिरामती पंडो 27 वर्ष, अमित पंडो सात वर्ष व ग्राम बलदेवनगर निवासी शुकवारो बाई बिंझिया 55 वर्ष को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रेमनगर में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।

जानकारी मिलने पर रामानुजनगर एसडीएम अजय मोडियम समेत प्रेमनगर बीएमओ डॉ तिलेश्वर सिंह ने स्वास्थ्य अमले के साथ महोरा गांव के पंडो पारा व केदारपुर गांव पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। एसडीएम के निर्देश पर स्वास्थ्य अमले ने घर घर सर्वे शुरू कर दिया है। ग्रामीणों को स्वच्छता पर विशेष ख्याल रखने की समझाइश दी जा रही है। वहीं उल्टी दस्त से पीड़ित मरीज को अस्पताल ले जाया जा रहा है। इधर एसडीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रेमनगर पहुंचकर चिकित्सालय में भर्ती मरीज से मुलाकात कर उनका हाल-चाल भी जाना। महोरा के पंडो पारा में उल्टी दस्त का प्रकोप ज्यादा है। केदारपुर गांव में भी उल्टी दस्त से कुछ लोग पीड़ित हैं। इसके अलावा कुछ गांवों में इक्का दुक्का मरीज मिले है। उल्टी दस्त से पीड़ित मरीजों को अस्पताल में भर्ती कर इलाज किया जा है। इससे एक ग्रामीण की मौत हुई है। एक ग्रामीण को मेडिकल कालेज अस्पताल भेजा गया है। महोरा व केदारपुर में घर घर सर्वे कराया जा रहा है।

## ज्वेलर्स दुकान से सोने की चेन लेकर फरार

**रायपुर।** सीतलापारा रायपुरा स्थित लक्ष्मीर ज्वेलर्स से अज्ञात चोर ने सोने की चेन लेकर फरार हो गया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी महेश कुमार जैन 39 वर्ष शिव वाटिका अश्वनी नगर पुरानी बस्ती का रहने वाला है। प्रार्थी सीतलापारा रायपुरा में लक्ष्मी ज्वेलर्स नाम से दुकान चलाते है। बताया जाता है कि प्रार्थी के दुकान में अज्ञात व्यक्ति आकर सोने की चेन खरीदने के लिए देखने लगा। इसी दौरान आरोपी ने मौका पाकर चेन लेकर फरार हो गया। चोरी गए चेन की कीमत करीब 65 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## नगर में गणेशोत्सव की धूम

**रामानुजगंज।** नगर में गणेश पूजा उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है इस वर्ष गणेश पूजा की रौनक पूरे नगर में देखते बन रही है। सोमवार को दर्जनों गणेश मूर्ति का धूमधाम से बाजे गाजे के साथ कन्हर नदी में विसर्जन विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ नम आंखों से किया गया। वहीं उफनती नदी को देखते हुए पुलिस बल मौके पर तैनात रहा। गणेश पूजा उत्सव से पूरे नगर का माहौल भक्ति में हो गया है। गणेश पंडालों में प्रतिदिन विविध आयोजन हो रहे हैं। प्रतिदिन भजन कीर्तन का दौर चल ही रहा है।वही प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं जिसमें स्थानीय लोगों की बढ़-चढ़कर भागीदारी रह रही है। नगर के निजी एवं शासकीय स्कूलों में भी गणेश मूर्ति रखी गई थी एवं विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

## भारतीय थल सेना अग्निवीर भर्ती के लिए आयोजित लिखित परीक्षा के परिणाम घोषित

**सूरजपुर।** भारतीय थल सेना अग्निवीरों भर्ती के लिए आयोजित लिखित परीक्षा परिणाम माह अप्रैल 2024 घोषित कर दिया गया है। अभ्यार्थियों के लिए 04 से 12 दिसंबर 2024 तक जिला रायगढ़ में शारीरिक दक्षता परीक्षा आयोजित की जाएगी। जिले के लिखित परीक्षा में सफल अभ्यार्थियों को शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण के तहत अभ्यार्थियों को 1.6 कि.मी दौड़, बीम पुल अप, 9 फीट गड्ढा कूदना आदि शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण नि:शुल्क दिया जाएगा। शारीरिक प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु पंजीयन 18 सितम्बर तक रोजगार कार्यालय सूरजपुर में उपस्थित होकर या व्हाटसएप मो. नं. 8269722076 संपर्क करें ताकि प्रशिक्षण की व्यवस्था की जा सके।

# प्लांट हादसा:जीएम,ठेकेदार सहित छह पर प्राथमिकी

**बतौली।** सरगुजा जिले के लुंड्रा जनपद के ग्राम सिलसिला स्थित मां कुदरगढ़ी एलुमिना हाइड्रेट प्लांट में चार श्रमिकों की मौत प्रबंधन की लापरवाही और सुरक्षा को नजरअंदाज करने के कारण हुई है। पुलिस ने प्रारंभिक जांच के बाद प्लांट के जीएम राजकुमार सिंह, सुपरवाइजर रंजीत सारथी, प्रोडक्शन मैनेजर तेज मलानी, बायलर इंचार्ज बीके मिश्रा, राकेश कुमार ,ठेकेदार विपिन मिश्रा व अन्य जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 106(1)तथा 3(5)के तहत अपराध पंजीकृत किया है।

हादसे में घायल दो कर्मचारी अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी हादसे की जांच के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर कलेक्टर विलास भोसकर ने पांच सदस्यीय जांच दल का गठन किया है इसमें औद्योगिक सुरक्षा अधिकारी भी शामिल हैं। जांच दल की रिपोर्ट से पहले पुलिस ने प्रारंभिक जांच में ही प्लांट के तकनीकी अधिकारियों व कर्मचारियों को हादसे का जिम्मेदार मानते हुए अपराध पंजीकृत किया है। बता दें, प्लांट हादसे में मध्य प्रदेश तथा बिहार के चार श्रमिकों की मौत हुई है। मध्यप्रदेश के प्रिंस सिंह व मनोज सिंह तथा बिहार के गया जिले के करणवीर माझी व रमेश्वर माझी मौत के बाद प्रबंधन द्वारा 15-15 हजार रुपये की तात्कालिक आर्थिक सहायता राशि देकर सोमवार को ही उनके शवों को एंबुलेंस से गृहग्राम के लिए रवाना कर दिया गया था। रघुनाथपुर पुलिस चौकी प्रभारी राजेंद्र सिंह द्वारा दर्ज एफआइआर के अनुसार मां कुदरगढ़ी एलुमिना हाइड्रेट प्लांट के मालिकों ने जीएम राजकुमार सिंह,सुपरवाइजर रंजीत सारथी,प्रोडक्शन मैनेजर तेज मलानी, बायलर इंचार्ज बीके मिश्रा, राकेश कुमार की देखरेख में लुधियाना के तेजबहादुर नगर मण्डियनकला निवासी विपिन मिश्रा को कार्य करने का ठेका दिया था। इसके लिए बकायदा ठेकेदार से अनुबंध किया गया था। आरोप है कि अनुबंध में चल रहे कार्य के दौरान उत्पादन लक्ष्य बढाने के लिए सुरक्षा उपायों को नजरअंदाज किया गया।प्लांट में बाक्साइट को गलाकर एल्युमिनियम का चूर्ण बनाया जाता था।

पुलिस की जांच में भी इस बात की पुष्टि हुई है कि पहले प्लांट में भूसे का उपयोग किया जाता था।घटना दिवस आठ सितंबर को सुबह की पाली में भूसे के स्थान पर क्षमता से अधिक कोयले का चूरा भर दिया गया था इस कारण हापर टूट कर गिर गया और चार श्रमिकों की मौत हो गई। दो श्रमिक अभी भी अस्पताल में भर्ती है। भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 (1) में उल्लेख है कि कोई भी व्यक्ति जो लापरवाही या लापरवाही से किसी अन्य व्यक्ति की मौत का कारण बनता है, जो गैर इरादतन हत्या के बराबर नहीं है, उसे पांच साल तक की कैद और जुर्माने से दंडित किया जाएगा। धारा 3 (5) का मतलब है कि एक समूह में किए गए अपराध के लिए हर सदस्य को समान रूप से दोषी माना जाएगा चाहे उसने सीधे तौर पर अपराध किया हो या नहीं। सामूहिक आपराधिक कृत्य में अगर कई लोग मिलकर एक अपराध को अंजाम देते हैं, तो सभी लोगों को उस अपराध के लिए दोषी माना जाएगा।

## बैंक ने जनपद अध्यक्ष तोकेश्वरी मांझी के आवास को किया सील

**रायपुर।** गरियाबंद जिले के छुरा जनपद अध्यक्ष तोकेश्वरी मांझी के आमामापारा स्थित आवास को छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के प्रबंधन ने सील कर दिया है। यह कार्रवाई बैंक द्वारा उनके द्वारा लिए गए होम लोन की अदायगी में चूक के चलते की गई है। जानकारी के अनुसार, तोकेश्वरी मांझी और उनके पति कदम मांझी ने 6 अगस्त 2019 को बैंक से 20 लाख रुपये का होम लोन लिया था। हालांकि, 14 दिसंबर तक उक्त राशि के बदले 2 लाख 76 हजार रुपये का ब्याज जोड़कर कुल 22 लाख 76 हजार रुपये की देनदारी बन गई। निर्धारित समय पर बकाया रकम का भुगतान न होने पर, बैंक ने मामले को गरियाबंद कलेक्टोरेट में जिला दंडाधिकारी दीपक अग्रवाल के समक्ष रखा। जिला दंडाधिकारी दीपक अग्रवाल के आदेश के बाद बैंक प्रबंधन ने सोमवार को आमामापारा स्थित मकान को सील करने की कार्रवाई की। छुरा तहसीलदार के अनुसार, कलेक्टर द्वारा आदेशित इस कार्रवाई से बैंक को भौतिक आधिपत्य प्रदान किया गया है। इस दौरान बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक हरविंदर सिंग, अंबर गुप्ता, और प्रदीप गेहरवाल बीएम भी मौजूद थे।

# मोटरसाइकिल में बैठकर बच्चे के साथ भाग गई महिला बंदी

**बलरामपुर।** मेडिकल कालेज अस्पताल से सोमवार की देर रात महिला बंदी अपने बच्चे को लेकर फरार हो गई। सीसी कैमरों की जांच से पता चला कि एक व्यक्ति के साथ मोटरसाइकिल में बैठकर बच्चे को साथ लेकर महिला बंदी गई है। उसकी तलाश की जा रही है। संबंधित व्यक्ति की भी पहचान सुनिश्चित की जा रही है। मामले में जेल प्रबंधन ने एक महिला प्रहरी को निलंबित कर दिया है।



जानकारी के अनुसार बलरामपुर जिले के रामानुजगंज क्षेत्र की रहने वाली पूजा गुप्ता (23) को पुलिस ने फरवरी 2024 में कफ सिरप के साथ पकड़ा था। उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई की गई थी। मामला विचाराधीन है। महिला होने के कारण उसे अंबिकापुर के केंद्रीय जेल स्थित महिला बैरक में शिफ्ट किया गया था। गिरफ्तारी के समय ही वह गर्भवती थी। अगस्त के दूसरे पखवाड़े में वह आठ माह की गर्भवती थी। स्वास्थ्यगत परेशानियों के कारण महिला बंदी को 22 अगस्त को मेडिकल कालेज अस्पताल के मातृ शिशु विभाग में भर्ती किया गया था। 24 अगस्त को उसकी सर्जरी की गई थी। आपरेशन से समय पूर्व होने के कारण नवजात को स्वास्थ्यगत परेशानियां थी। बच्चों के गहन चिकित्सा कक्ष में उसे भर्ती किया गया था। महिला बंदी का भी आपरेशन हुआ था इसलिए वह भी अस्पताल में ही भर्ती थी। सोमवार को ही बच्चे को पूजा गुप्ता को सौंपा गया था। एक - दो दिनों में मां - बच्चे की अस्पताल से छुट्टी होने वाली थी। उसे फिर से जेल ले जाने की तैयारी थी। इसके पहले ही सोमवार की मध्यरात्रि वह बच्चे को लेकर फरार हो गई। रात्रिकालीन ड्यूटी में तैनात महिला प्रहरी ने तत्काल जेल उच्चाधिकारियों को सूचना दी। अस्पताल के पुलिस सहायता केंद्र की मदद से भी उसकी खोजबीन शुरू की गई। केंद्रीय जेल से भी कर्मचारियों को भेजा गया। बस स्टैंड से लेकर अस्पताल परिसर सहित समूचे क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया गया लेकिन महिला बंदी का कुछ पता ही नहीं चला। आखिरकार जेल प्रबंधन की ओर से पुलिस में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई। महिला बंदी के शरण लेने के संभावित स्थलों की भी जांच कराई जा रही है लेकिन दूसरे दिन शाम तक उसका कुछ पता नहीं चल सका। महिला बंदी के अस्पताल से फरार होने की घटना के बाद उसकी तलाश तेज कर दी गई है।

अस्पताल के सीसी कैमरे की जांच में महिला नजर आ रही है। रात लगभग 1:35 बजे वह एक व्यक्ति के साथ मोटरसाइकिल में बैठकर जाते दिख रही है। उसके गोद में बच्चा भी नजर आ रहा है। सीसी कैमरे की जांच से संदेह है कि योजनाबद्ध तरीके से वह फरार हुई है। बाथरूम जाने के नाम पर वह निकली थी। संबंधित व्यक्ति कौन था, यह भी स्पष्ट नहीं हुआ है। अस्पताल में रहने के दौरान किसी व्यक्ति के उससे मुलाकात की पुष्टि भी नहीं हुई है। देर रात जैसे ही जानकारी मिली , तत्काल पुलिस को सूचना देने के साथ जेल से भी कर्मचारी भेजे गए। सघन तलाशी अभियान चलाया गया लेकिन महिला बंदी का पता नहीं चल सका। मामले में ड्यूटी में तैनात एक महिला प्रहरी को निलंबित कर दिया गया है।

# जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के अन्तर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन वालों को किया जाएगा सम्मानित

**सूरजपुर।** विभाग व कार्यालय के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए जिला प्रशासन द्वारा अभिनव पहल की गई है, जिसके तहत जिला प्रशासन द्वारा ''चैंपियंस ऑफ़चैंज'' अवार्ड सूरजपुर की शुरुआत की जा रही है।

इस कार्यक्रम अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा जिले के प्रत्येक विभाग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले व्यक्ति को सम्मानित करने का कार्य किया जाएगा है। इस पुरस्कार का उद्देश्य उन व्यक्तियों को प्रोत्साहित करना है जिन्होंने अपने कार्यक्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है और जो अपने विभाग में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

चौंपियंस ऑफ़ चैंज अवार्ड के तहत उन व्यक्तियों को पुरस्कृत किया जाएगा जो लोक कल्याण के लिए न केवल अपने कार्य में उत्कृष्टता प्रदर्शित करेंगे, बल्कि संगठनात्मक उद्देश्यों को भी पूरा करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। इस अवार्ड के माध्यम से जिला प्रशासन कर्मचारियों को प्रोत्साहित करना चाहता है। ताकि विभिन्न विभागों में नवाचार दक्षता और उत्कृष्टता को बढ़ावा दिया जा सके। इसके साथ ही सकारात्मक व गुणात्मक कार्य करने के लिए बेहतर वातावरण मनाया जा सके। निश्चित रूप से यह पुरस्कार न केवल उनके समर्पण और मेहनत को सराहेगा बल्कि अन्य कर्मचारियों को भी प्रेरित करेगा ताकि वे अपने कार्य में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें और जिले के विकास में अपना योगदान दें।

***रायपुर।** गोगांव स्थित लक्ष्मी धरमकांटा के पास ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना पर मौके में पहुंची गुढ़ियारी पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों, विश्व विद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पालीटेक्निक एवं आई.टी.आई. आदि के संस्था प्रमुख, प्राचार्य, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमें अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है, उनको सुचित किया जाता है कि शिक्षा सत्र 2024-25 हेतु ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति कक्षा 12वीं से उच्चतर के पंजीयन स्वीकृति एवं वितरण का कार्य वेबसाइट पर ऑनलाइन किया गया है। इसके साथ ही विद्यार्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन हेतु (नवीन एवं नवीनीकरण) 09 सितंबर से 30 अक्टूबर तक, ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक करने हेतु 16 सितंबर से 14 नवम्बर 2024 तक एवं सैंक्शन ऑर्डर लॉक करने हेतु 16 सितंबर से 21 नवंबर तक निर्धारित तिथियों के पश्चात् शिक्षा सत्र 2024-25 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ऑनलाइन आवेदन हेतु पोर्टल बंद कर दिया जायेगा एवं ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक तथा सेक्शन आर्डर लॉक करने का अवसर भी प्रदान नहीं किया जायेगा।

# संदीप हत्याकांड: रिश्तेदार के घर छिपा इनामी आरोपित गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** सरगुजा जिले के सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम उलकिया निवासी राजमिस्त्री संदीप लकड़ा के अपहरण व हत्या के ईनामी आरोपित गौरी तिवारी (30) को पुलिस ने कोरिया जिले से गिरफ्तार कर लिया है। गौरी तिवारी सीतापुर के ग्राम बेलजोरा का रहने वाला है। पुलिस द्वारा की जा रही छापेमारी के कारण वह कोरिया जिले के पटना थाना के ग्राम बिलारो में रहने वाले रिश्तेदारों के यहां छिपा हुआ था। पुख्ता सूचना के आधार पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। आरोपित गौरी तिवारी भी मुख्य आरोपित ठेकेदार अभिषेक पांडेय के साथ काम करता था।अपहरण व हत्या की घटना में यह भी शामिल था।

पुलिस पूछताछ में उसने बताया कि घटना दिनांक को मृतक दीपेश उर्फ संदीप लकड़ा के गृहग्राम उलकिया में उपस्थित रहने की जानकारी उसी ने मुख्य आरोपित ठेकेदार अभिषेक पांडेय को दी थी। उसके बाद राजमिस्त्री की हत्या में भी वह शामिल था। पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल ने बताया कि गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर पुलिस अभिरक्षा में लिया जाएगा। प्रकरण के मुख्य आरोपित अभिषेक पांडेय व उसके वाहन चालक राजा की गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी है। मामले में अब तक पांच लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। गौरी तिवारी व फरार अभिषेक पांडेय पर 10 हजार इनाम की घोषणा के अगले दिन ही एक आरोपित को पकड़ लिया गया है। राजमिस्त्री की हत्या कर फरार ठेकेदार अभिषेक पांडेय पर शिकंजा कस रहा है। ठेकेदार के 63 करोड़ के जल जीवन मिशन व लोक निर्माण विभाग के निविदा को निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जल जीवन मिशन का पांच करोड़ का भुगतान रोकने की कार्रवाई की जा रही है।

ठेकेदार और उसके सहयोगियों के बैंक खातों को सीज किया जा रहा है। पिछले पांच महीने में ठेकेदार के खातों से लेनदेन की भी जांच चल रही है। सर्व आदिवासी समाज का आरोप है कि घटना के बाद ठेकेदार ने बैंक खाते से पांच करोड़ रुपये आहरित की है। यह राशि प्रकरण को दबाने के लिए उपयोग करने का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की गई है। बता दें,राजमिस्त्री पर चोरी का आरोप लगाकर ठेकेदार व उसके सहयोगियों ने अपहरण कर लिया था। उसकी हत्या कर शव को दफना उसके उपर पानी टँकी बना दी गई थी।

राजमिस्त्री संदीप लकड़ा का सड़ा गला शव मिलने के बाद चौथे दिन भी उसका अंतिम संस्कार नहीं किया गया। शव अभी भी मोर्चरी में ही है। स्वजन के साथ सर्व आदिवासी समाज की मांग अपहरण व हत्या के मुख्य आरोपित ठेकेदार अभिषेक पांडेय के गिरफ्तारी की है। वह लगातार भाग रहा है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के प्रयास में लगी है।

## घर के बाहर खड़ी बाइक पार

**रायपुर।** काशीराम नगर में खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अनिल गिरी 29 वर्ष ग्राम रानी परतेवा छूरा का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 23 एन 3189 को काशीराम नगर अपने रिश्तेदार के घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 50 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## शराब पीते 10 पकड़ाए

**रायपुर।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## लोगों को मंत्रमुग्ध कर रही प्रेम मंदिर में विराजे गजानन की छवि

**कोरबा।** लगातार दूसरे वर्ष कटघोरा में सार्वजनिक गणेश पूजा समिति का आयोजन लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना है। यहां 21 फीट ऊंची गजानन की प्रतिमा विराजित की गई है। पश्चिम बंगाल के कारीगरों ने बांस के स्ट्रक्चर पर यूपी के वृंदावन के प्रेम मंदिर को आकार दिया है। उसकी कलात्मकता के साथ-साथ भीतर में भगवान की छवि यहां पर दर्शन के लिए आने वाले लोगों को सम्मोहित करती नजर आ रही है। गणेश चतुर्थी से अब तक हजारों की संख्या में भक्तों ने यहां पहुंचकर पूजन अर्चन कर दर्शन लाभ लिया है। जिले में गणेश की यह सबसे बड़ी प्रतिमा है। जिसके साथ-साथ यहां का मंडप अलग ही तस्वीर प्रस्तुत कर रहा है। आयोजकों ने बताया कि राजनांदगांव जिले से मूर्ति लाई गई है। लोगों को विशेष एहसास कराने के लिए इस प्रकार की कोशिश इस वर्ष की गई। जिले में और भी स्थानों पर गणेशोत्सव में कई नए कलेवर को शामिल किया गया है।





# सड़क पर अवरोध : 25 बाइक को उठाया ट्रैफिक पुलिस ने, लगातार होगी सख्ती

**कोरबा।** कोरबा नगर और जिले में ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई अव्यवस्थित आवागमन को सुचारू रूप से बनाने के लिए हो रही है । ट्रैफिक पुलिस की टीम ने पिछली रात ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए 25 दुपहिया को लिफ्टर से उठाकर जप्त कर लिया। कहा गया कि आवागमन की बेहतरीन के लिए इस प्रकार की कार्रवाई लगातार होगी।

फेस्टिवल सीजन की शुरुआत के साथ कोरबा शहरी क्षेत्र में आवागमन को लेकर चुनौतियां उत्पन्न हो रही हैं और इस पर नियंत्रण करने के लिए मैं ट्रैफिक पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर ट्रैफिक टीम विभिन्न क्षेत्रों में आवागमन को सिस्टमैटिक करने के लिए प्रयासरत है। औद्योगिक नगर कोरबा के पावर हाउस रोड स्थित पाम मॉल, मेगा मार्ट और कमर्शियल कंपलेक्स के पास पुलिस ने पिछली रात अभियान चलाया और 25 दुपहिया गाड़ियों को जप्त कर लिया।। बताया गया कि यह आने जाने की जगह पर खड़ी कर दी गई थी और इसके कारण यातायात में बाधा उत्पन्न हो रही थी। पेनल्टी की कार्रवाई ऐसे सभी मामलों में की जाएगी। इसके साथ ऐसी गाड़ियों के चालकों को सबक भी दिया जाएगा कि आगे उन्हें किस तरीके से नियम का पालन करना है। ट्रैफिक पुलिस की ओर से बताया गया कि गणेश उत्सव से लेकर दीपावली पर्व के बाद तक शहरी क्षेत्र में यातायात को सुचारू रूप से बनाने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई निरंतर होगी।



### फ्लाई ओवर से आना होगा यात्री वाहनों को

ट्रैफिक पुलिस ने इससे पहले यात्री बसों के ऑपरेटर के साथ बैठक ली और उन्हें शहरी क्षेत्र में आवागमन को लेकर जरूरी निर्देशों से अवगत कराया इसमें कहा गया कि बड़ी और छोटी बस को शहर में प्रवेश करने के लिए पुराना बस स्टैंड से फ्लाई ओवर का रास्ता तय करते हुए राताखार, तुलसी नगर होते हुए नया बस स्टैंड आना होगा। हसदेव नहर पुल वाले रास्ते से इन्हें भीतर घुसने के लिए मना किया गया है क्योंकि इससे समस्या पैदा हो रही हैं।

## भूविस्थापितों ने कुसमुंडा कार्यालय में जड़ा ताला, अधिकारियों-कर्मचारियों को हुई दिक्कतें

**कोरबा।** कुसमुंडा में छत्तीसगढ़ किसान सभा और रोजगार एकता संघ ने एसईसीएल के खदानों से प्रभावित भू विस्थापित किसानों की लंबित रोजगार प्रकरणों का तत्काल निराकरण की मांग को लेकर महाप्रबंधक कार्यालय में ताला जड़ने के साथ ही अपना आंदोलन शुरू कर दिया है। प्रदर्शनकारियों ने इस दौरान कार्यालय में धरना दिया और अपनी मांगों को पूरा करने की मांग की। कार्यालय के मुख्य गेट पर ताला लगा दिए जाने के कारण एसईसीएल के अधिकारी व कर्मचारी अपने कार्यालय समय पर नहीं पहुंच पाए। उन्हें कार्यालय जाने के लिए अन्य जुगाड़ देखना पड़ा।

आंदोलन में शामिल लोगों ने बताया कि एसईसीएल की खदानों के कारण उन्हें अपनी जमीन से विस्थापित होना पड़ा है, लेकिन अभी तक उन्हें रोजगार नहीं मिला है। उन्होंने मांग की कि एसईसीएल प्रबंधन उनकी लंबित रोजगार प्रकरणों का तत्काल निराकरण करे। उनका आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक कि मांगें पूरी नहीं हो जाती। उल्लेखनीय है कि 31अक्टूबर 2021 को लंबित प्रकरणों पर रोजगार देने की मांग को लेकर कुसमुंडा क्षेत्र में 12 घंटे खदान जाम करने के बाद एसईसीएल के महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष दस से ज्यादा गांवों के किसान 1044 दिनों से अनिश्चित कालीन धरना पर बैठे हैं। इस




आंदोलन के समर्थन में छत्तीसगढ़ किसान सभा शुरू से ही उनके साथ खड़ी हैं। भूविस्थापित रोजगार एकता संघ के नेता रेशम यादव,दामोदर श्याम, ने कहा कि भू विस्थापितों को बिना किसी शर्त के जमीन के बदले रोजगार देना होगा और वे अपने इस अधिकार के लिए अंतिम सांस तक लड़ेंगे।

एसईसीएल कुसमुंडा कार्यालय के सामने बैठक कर नारेबाजी करते हुए बड़ी संख्या में भू विस्थापित किसान एकजुट हुए भू विस्थापितों ने कहा की 11 सितंबर को कुसमुंडा खदान बंद और कार्यालय घेराव प्रदर्शन में प्रभावित गांव के पीड़ित भू विस्थापित परिवार सहित शामिल होंगे इस बार समस्याओं के समाधान तक अनिश्चित कालीन आंदोलन होगा।

## गजराजों की चिंघाड़ से गूंजा कोरबी का जंगल

**कोरबा।** जिले के कटघोरा वनमंडल अंतर्गत केंदई परिक्षेत्र का कोरबी जंगल इन दिनों हाथियों की चिंघाड़ से गूंज रहा है। यहां 48 की संख्या में हाथी पहुंच गए हैं जो दिन भर जंगलों में रहने के बाद रात को चिंघाड़ते हुए निकलते हैं जिससे क्षेत्र का वातावरण दहशतमय हो जाता है। ग्रामीण हाथियों के डर से अपने-अपने घरों में दुबकने को मजबूर हो जाते हैं। हाथियों का दल ग्रामीणों के खेतों में पहुंचकर वहां लगे धान की फसल को बुरी तरह रौंदकर मटियामेट कर दे रहे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से गुहार लगाई है कि वे हाथियों की समस्या से उन्हें सुरक्षा के साथ ही निजात दिलाए। बताया जाता है कि एतमानगर क्षेत्र में विचरणरत हाथियों का दल भी अब कोरबी में पहुंचकर पहले से मौजूद दल में शामिल हो गया है जिससे खतरा और भी बढ़ गया है। इधर कोरबा वनमंडल के कुदमुरा क्षेत्र में मंगलवार को पहुंचा खतरनाक लोनर अब यहां मौजूद दो हाथियों के साथ मिल गया है और कुदमुरा वन परिक्षेत्र के जंगल के कक्ष क्रमांक 1139 में विचरण कर रहा है। हाथियों ने बीती रात उत्पात मचाते हुए कुदमुरा में चार किसानों की धान की फसल भी रौंद दी है। सूचना मिलने पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचकर नुकसानी का आंकलन करने के साथ हाथियों की निगरानी में जुट गया है।



पर्वाधिराज पर्यूषण की शुरुआत हो गई है। जैन समाज के द्वारा इसके शुभारंभ अवसर पर यात्रा निकाली गई।

## घर में आने वाले लोगों का पहनावा ना देखें, उनके मन का भाव देखें- मृदुलकांत

**कोरबा।** आशीर्वाद प्वाइंट, पं. दीनदयाल सांस्कृतिक भवन टीपी नगर कोरबा में कबुलपुरिया परिवार द्वारा पितृ मोक्षार्थ गया श्राद्ध निमित्त श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह महोत्सव के सातवें दिन सुदामा चरित्र एवं सुकदेव विदाई के साथ कथा को विराम दिया गया। भागवत कथा के अंतिम दिन कल हवन, सहस्त्र धारा, पूर्णाहुति एवं प्रसाद वितरण के साथ भगवत कथा ज्ञान सप्ताह संपन्न हो जाएगा।


कथा के अंतिम दिन आचार्यश्री शास्त्री ने सुदामा और कृष्ण की मित्रता का वर्णन संगीतमय कथा के माध्यम से श्रोताओं को ऐसा रसपान कराया कि कथा श्रवण कर्ता स्वयं को सुदामा मानकर कृष्ण की अद्भूत लीला का आनंद लिया। संगीतमय कथा सुनकर कई श्रद्धालुओं के नेत्रों से आंसू बह रहे थे। आचार्यश्री भी सुदामा चरित्र का वर्णन करते-करते अश्रु पोंछते नजर आये। आचार्यश्री के श्रीमुख से भगवत गंगा ऐसी बह रही थी, मानो साक्षात सुदामा और कृष्ण का अद्भूत मिलन हमारी नजरों के सामने तैर रहा हो। कथा के साथ-साथ सुदामा का,कृष्ण-रूक्मिणी से भेंट करने जाते समय पर साक्षात दृश्य लोगों को ऐसा भाया, मानो मंच पर लीला हो रही हो, ऊपर से अद्भूत संगीत की धून पर लोग भाव विभोर हो रहे थे।



सुदामा चरित्र के माध्यम से आचार्य श्री शास्त्री ने संदेश दिया कि भगवान की भक्ति सुदामा का चरित्र अपनाकर करें, तो भगवान चले आते हैं। दुनिया में सुदामा से भाग्यवान कोई नहीं, जिनके स्वागत के लिए भगवान स्वयं दौड़े चले आते हैं। कृष्ण से मिलने जाने से पहले सुदामा अपनी धर्मपत्नी सुशीला से कहते हैं कि मैं मित्र से मिलने कैसे जाऊं? उन्हें देने के लिए हमारे पास कुछ नहीं। गुरू की तरह सुशीला बोलती हैं- ठाकुर जी से मिलने के लिए आप कदम तो बढ़ाएं, बाकी व्यवस्था मैं करती हूं और उन्होंने चार घरों में जाकर भीक्षाटन से जो चावल (पोहा)मिला, उसे पोटरी में बांधकर भगवान की भेंट के लिए सुदामा को दे दिया। भगवान भाव के भूखे होते हैं। दरबान ने जब कृष्ण को सुदामा के आने का संदेश दिया, तो कृष्ण अपने प्रिय मित्र से मिलने के लिए ऐसा आतुर हुए कि वे अपने सभी व्यस्त कार्यक्रमों को छोडक़र दौड़ते हुए सुदामा से मिले और उनका भव्य स्वागत करते हुए गले से लगाया।

## तालाब में डूबने से युवक की मौत

**कोरबा।** उरगा पुलिस थाना क्षेत्र के मसन गांव में तालाब में डूबने से 23 वर्षीय भागीरथी कवर की मौत हो गई। बताया गया कि पेड़ पर चढ़कर वह तालाब में छलांग लगाने की कोशिश कर रहा था लेकिन इस चक्कर में सीधे नीचे जा गिरा। आसपास में मौजूद लोगों ने इस नजारे को देखा और पुलिस को इसकी जानकारी दी। बाद में गोताखोरों की मदद से भागीरथी को निकाला गया उसे कुछ देर के बाद अस्पताल पहुंचाएंगे जहां पर डॉक्टर ने परीक्षण के साथ उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम करने के साथ पोस्टमार्टम की कार्रवाई कराई।




## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए बालको ने लगाया प्रशिक्षण कार्यशाला

**कोरबा।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने ईसीसीई कार्यक्रम को बढ़ावा देने हेतु आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की क्षमता निर्माण के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित किया। प्रशिक्षण नंद घर परियोजना के व्यापक उद्देश्य, बच्चों के बेहतर देखभाल को सुनिश्चित करते हुए नंद घर में पोषण और बेहतर वातावरण बनाने के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को आवश्यक कौशल तथा ज्ञान प्राप्त करने पर केंद्रित था। महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से आयोजित कार्यशाला आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के बीच अच्छी प्रथाओं को शामिल करने और व्यवहार परिवर्तन की शुरुआत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की क्षमता निर्माण से ईसीएस कार्यक्रमों को लागू करने में सहायक हैं। 2 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं (एडब्ल्यूडब्ल्यू) के बीच सर्वोत्तम प्रथाओं को लागू करने का एक मंच के रूप में काम किया तथा नंद घर के बेहतर उपयोग को बढ़ाने के लिए विचारों के आदान-प्रदान को सुनिश्चित किया गया।






3 नंद घर के सदस्यों तथा 29 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

क्षमता निर्माण कार्यक्रम का उद्देश्य प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा में इसकी भूमिका को समझना। नंद घर, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा (ईसीसीई) के मॉडल को अपनाते हुए सर्वांगीण बाल विकास को बढ़ावा दे रहा है। प्रारंभिक बाल्यावस्था में बच्चों का उद्दीपन (ईसीएस), 3 से 6 वर्ष की आयु के बच्चों के संज्ञानात्मक, शारीरिक और सामाजिक विकास को उद्दीपन करने की तकनीक और अभ्यास में इसके महत्व के बारे में जानना। ऐसी तरीकों की खोज जो बच्चों के सर्वांगीण विकास का समर्थन करती हैं जिसमें नैतिक और भावनात्मक विकास भी शामिल है। नंद घर में अनुकूल सीखने का माहौल बनाने के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को दिशा-निर्देश। निरंतर उद्दीपन और सीखने को सुनिश्चित करने के लिए एक मासिक कार्यक्रम कैलेंडर तैयार करना। आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को आकार देने में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका और बचपन के विकास को बढ़ावा देने में उनकी जिम्मेदारी सुनिश्चित करना।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा कि सामुदायिक विकास कार्यक्रम कंपनी के दृष्टिकोण में शामिल है। हम छत्तीसगढ़ में विभिन्न नंद घर की मदद से बाल विकास का समर्थन कर समुदाय की भलाई को बढ़ावा दे रहे हैं। बच्चे इस देश की भविष्य है, कंपनी उनके विकास के लिए विभिन्न पहल संचालित करता है। वेदांता समूह दिल्ली हाफ मैराथन आयोजित कर रहा है जिसमें 'रन फॉर जीरो हंगर' के तहत वन किलोमीटर वन मील (भोजन) का प्रावधान है। कंपनी ने संकल्प लिया है कि प्रत्येक किलोमीटर पर नंद घर के बच्चों को वन मील (भोजन) मुहैया कराया जाएगा।

सुश्री रेणु प्रकाश, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला और बाल विकास ने वेदांता बालको द्वारा संचालित नंद घर परियोजना की सराहना की। उन्होंने प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा के लिए टीम के समर्पण की सराहना की जो एकीकृत बाल विकास सेवाओं को बेहतर तरीके से लागू करता है। 2 दिवसीय ईसीसीई प्रशिक्षण नंदघरों में बच्चों के अनुकूल माहौल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बच्चों को वह समग्र सहायता मिले जिसकी उन्हें बढ़ने के लिए आवश्यकता है। कार्यशाला बाल विकास को बढ़ाने के लिए कार्यकर्ताओं की उपस्थिति और सहभागिता को बढ़ावा दे रही है।

खटखटियापारा की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मीना देवांगन ने कहा कि मैं नंद घर प्रोजेक्ट द्वारा आयोजित दो दिवसीय ईसीसीई प्रशिक्षण के लिए बहुत आभारी हूं। कार्यशाला से हमने विभिन्न उपयोगी तरीके सीखे, जैसे बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए दर्पण का उपयोग करना। प्रशिक्षण से नंद घर में बच्चों के साथ काम करने के नए आयाम का पता चला। मैं इसे उपयोग करने के लिए उत्साहित हूं। मुझे यकीन है कि इससे बच्चों की उपस्थिति बढ़ेगी और उनके विकास में भी सुधार होगा।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com